# TNF TODAY | टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | धूमधाम से मना जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी... (पेज-3) | पृष्ठ- 10 | वर्ष-01 अंक-55 | मूल्य ₹7 | बुधवार | दिनांक- 27.08.2026


# सुप्रीम कोर्ट: ओबीसी क्रीमी लेयर पर फिर होगी सुनवाई

## 1 सितंबर को तय होगा अभ्यर्थियों का भविष्य

एजेंसी, नई दिल्ली।

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के 958 सफल अभ्यर्थियों की सेवा आवंटन प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होने वाली है। केंद्र की उस याचिका पर एक सितंबर को विशेष पीठ सुनवाई करेगी, जिसमें 11 मार्च के फैसले को सीएसई-2025 के अभ्यर्थियों पर लागू करने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस फैसले ने अन्य पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर तय करने के तरीके को प्रभावित किया था। अब सवाल है कि पुराने नियमों के आधार पर हुई परीक्षा के परिणाम और नई कानूनी स्थिति के बीच संतुलन कैसे बनेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की विशेष पीठ एक सितंबर को दोपहर 3:30 बजे केंद्र की याचिका पर सुनवाई करेगी। यही पीठ 11 मार्च को ओबीसी क्रीमी लेयर से जुड़े मामले में फैसला सुना चुकी है। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष पीठ गठित करने पर सहमति जताई थी।



### केंद्र आखिर किस बात पर स्पष्टीकरण चाहता है?

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग चाहता है कि सीएसई-2025 के लिए यूपीएससी की ओर से अनुशंसित 958 अभ्यर्थियों का सेवा आवंटन उस क्रीमी लेयर व्यवस्था के आधार पर पूरा करने की अनुमति दी जाए, जो 11 मार्च के फैसले से पहले लागू थी। केंद्र का कहना है कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया 11 मार्च के फैसले से पहले पूरी हो चुकी थी और अभ्यर्थियों ने उस समय लागू नियमों के आधार पर अपने फैसले लिए थे। केंद्र के अनुसार, परीक्षा के समय लागू व्याख्या के आधार पर कुछ ऐसे अभ्यर्थी ओबीसी गैर-क्रीमी लेयर का लाभ लेने के योग्य नहीं मानते रहे होंगे, जिनके माता-पिता की आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। ऐसे अभ्यर्थियों ने सामान्य श्रेणी में परीक्षा दी हो सकती है या ओबीसी श्रेणी में आवेदन ही नहीं किया होगा। उन्हें ओबीसी अभ्यर्थियों को मिलने वाली तीन साल की ऊपरी आयु सीमा में छूट और अतिरिक्त प्रयास जैसे लाभ भी नहीं मिले होंगे।

# चंबल क्षेत्र में तीसरी आंख करेगी निगरानी

## संयुक्त पेट्रोलिंग और जांच को बनाया जाएगा सख्त

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- मध्य प्रदेश की सीमा से अवैध खनन रोकने के लिए बढ़ाई जाएगी निगरानी
- स्टीमर सेवा जल्द शुरू कराने के हो रहे प्रयास, मुरैना जिला प्रशासन से होगा समन्वय

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बाह और पिनाहट क्षेत्र में सघन दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय के नवीन भवन, चंबल नदी के केंजरा घाट और निमार्णाधीन अम्बाह-पिनाहट पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता, ग्रामीणों की आवागमन से जुड़ी दिक्कतों और चंबल क्षेत्र में मध्य प्रदेश की सीमा से अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए की जा रही निगरानी की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने तहसील बाह के पुरा बाघराज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय के नए भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन को संबंधित विभाग को सौंपने के बारे में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों से जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि भवन का निर्माण 871.92 लाख रुपये की लागत से दिसंबर 2020 में शुरू हुआ था और अब निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी चंबल नदी के केंजरा घाट पहुंचे। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनके आवागमन, भूमि सीमांकन और अन्य स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपजिलाधिकारी बाह को ग्रामीणों की समस्याओं की नियमानुसार जांच कर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम पिनाहट स्थित चंबल डाल नहर परियोजना क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने निमार्णाधीन अम्बाह-पिनाहट पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन, वन और



पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ चंबल क्षेत्र में मध्य प्रदेश की सीमा से अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश की सीमा में चंबल क्षेत्र में खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे में मध्य प्रदेश की सीमा से होने वाले अवैध खनन या खनिज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए लगातार और प्रभावी निगरानी जरूरी है।

उन्होंने वन विभाग, खनन विभाग और पुलिस विभाग को मिलकर नियमित जांच और पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों और आने-जाने वाले रास्तों पर संयुक्त जांच चौकियों की निगरानी व्यवस्था मजबूत करने, वन विभाग को महत्वपूर्ण स्थानों और जांच चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और हर जांच चौकी पर जरूरी रजिस्टर रखने के निर्देश दिए। रजिस्टर में निरीक्षण के लिए आने वाले अधिकारियों का विवरण और निरीक्षण की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चंबल क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखें और नियमित पेट्रोलिंग व निगरानी करते रहें। ताकि मध्य प्रदेश की सीमा से अवैध खनन परिवहन की किसी भी संभावना को रोका जा सके।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने पोंटून/पीपा पुल बंद होने से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के बीच आने-जाने में हो रही परेशानी के बारे में जिलाधिकारी को बताया। जिलाधिकारी ने बताया कि अंबाह-पिनाहट पुल का काम पूर्ण होने तक स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए वैकल्पिक आवागमन व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्टीमर/नाव संचालन के लिए लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से आवश्यक अनुमति मिल चुकी है। अब मध्य प्रदेश के मुरैना जिला प्रशासन से समन्वय कर बाकी प्रक्रिया पूरी करते हुए स्टीमर सेवा शीघ्र प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व संदीप वर्मा, डीएफओ राजेश कुमार, एसडीएम बाह विनोद कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चंबल नदी पर 'मौत का सफर', अवैध स्टीमर पर मुकदमा दर्ज

टीएनएफ टुडे, मुरैना।

चंबल नदी के उसैद-पिनाहट घाट पर यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से संचालित किए जा रहे एक स्टीमर को महुआ थाना पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के पिनाहट क्षेत्र से यात्रियों को भरकर एक स्टीमर मध्य प्रदेश की सीमा में आ रहा है।महुआ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घाट पर दबिश दी और स्टीमर को अपने कब्जे में ले लिया।

जांच के दौरान स्टीमर में यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट या अन्य कोई लाइफ-सेविंग उपकरण नहीं मिले, जिसे पुलिस ने 'मौत की सवारी' करार दिया।

महुआ थाना प्रभारी के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने और बिना परमिशन के जल परिवहन करने के मामले में संबंधित ऑपरेटर/चालक के खिलाफ महुआ थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है और सुरक्षा कारणों से इसका संचालन पूरी तरह रुकवा दिया गया है।

# नेपाल में बाढ़ से 95 लोगों की मौत

## 133 भारतीय सहित 400 से अधिक लोग लापता



टीएनएफ टुडे, आगरा।

नेपाल के रासुवा में अचानक आई बाढ़ सबकुछ अपने साथ बहा ले गई। अब तक दर्जनों मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 100 से ज्यादा भारतीय लापता बताए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को भी काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने 95 लोगों के शव बरामद करने का दावा किया है।

400 से ज्यादा लोग अब भी लापता है। बुधवार, 26 अगस्त की सुबह तिब्बत सीमा की ओर से भोटेकोशी नदी में बाढ़ आई थी। बाढ़ इतनी भयानक थी कि कई इमारतें पानी में बह गईं। इनमें घरों के अलावा बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन भी शामिल हैं। 11 हाइड्रोपावर प्लांट डैमेज हो गए। 19 पुल और 40 किमी सड़कें खराब हो गईं। 431 टह बिजली का प्रोडक्शन सिस्टम से बाहर हो गया।

इंडिया टुडे से जुड़े प्रणय उपाध्याय की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लड में रासुवा से मलखु तक 20 से ज्यादा सस्पेंशन और मोटरेबल पुल बह गए। इनमें धादिंगबेसी को जोड़ने वाला पुल भी शामिल है। 25 से ज्यादा टेलीकम्युनिकेशन साइट पर असर पड़ा। रासुवा, धादिंग और नुवाकोट में 6 जगहों पर बाढ़ की शुरूआती चेतावनी देने वाले सिस्टम काम नहीं कर रहे।

खांपकम्प, नुवाकोट बिदुर जिला में सेंट्रल जेल की एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग और नेपाल पुलिस सिक्योरिटी यूनिट बिल्डिंग को नुकसान हुआ है। हालांकि सभी 800 कैदी सुरक्षित बताए गए हैं। अभी भोटेकोशी-त्रिशूली इलाके में और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

लांगटांग खोला हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में काम करने वाले 60 लोग लापता हैं। नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के 35 कर्मचारियों से भी कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा है। लोगों को बचाने के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

### 13 लोगों को बचाया, कई लोग अब भी मिसिंग

रिपोर्ट में बताया गया है कि 6 लोगों के शव धादिंग के त्रिशूली में बहकर आ गए थे। इनमें 3 महिलाओं और 3 पुरुषों के शव शामिल हैं। फ्लड में घायल हुए 13 लोगों को हेलीकॉप्टर से बचाकर काठमांडू लाया गया। उनका इलाज त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। ट्रॉमा सेंटर में 1 व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई है। हादसे में 400 से ज्यादा लोगों के लापता होने की जानकारी मिली है। इनमें

- 339 विदेशी नागरिक हैं जिनमें 133 भारतीय हैं।
- 59 नेपाली नागरिक हैं।
- 26 पुलिसकर्मियों समेत 79 सुरक्षाकर्मी का भी पता नहीं चल पा रहा है।



### पीएम मोदी ने जताया दुख

नेपाल बाढ़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह से फोन पर बात कर हर मुमकिन मदद करने का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा,

> पीएम बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से जान-माल के नुकसान पर दुख जताया। भारत के लोग इस मुश्किल समय में नेपाल में अपने भाइयों और बहनों के साथ खड़े हैं। भारत नेपाल को हर मुमकिन मानवीय मदद देने के लिए तैयार है। हमारी टीमें बचाव और राहत के कामों पर मिलकर काम कर रही हैं।"

नेपाल से आने वाली नदियों का पानी बढ़ने की आशंका को देखते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल में बाढ़ से हुई तबाही को चिंताजनक बताया है।

# टीएमसी के 20 बागी सांसदों की बढ़ी मुश्किलें: लोकसभा सचिवालय ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने टीएमसी के 20 बागी सांसदों को अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर अयोग्यता याचिकाओं पर नोटिस भेजकर सात दिनों में जवाब मांगा है। इन सांसदों पर आरोप है कि वे ळटउ से अलग होकर ठउढकके साथ चले गए हैं। ळटउ इसे स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता छोड़ना बताते हुए दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता का आधार मान रही है, जबकि बागी सांसद अपने कदम को वैध विलय बता रहे हैं। मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जहां अदालत ने कहा है कि अहम सवाल नोटिस जारी करना नहीं, बल्कि कार्यवाही को तय समयसीमा में पूरा करना है। 25 अगस्त को जारी इन नोटिसों के साथ अभिषेक बनर्जी की ओर से 18 जून को दायर की गई याचिका की प्रति भी सांसदों को भेजी गई है। यह याचिका लोकसभा सदस्यों के दलबदल के आधार पर अयोग्यता नियम, 1985 के नियम 6 के तहत दाखिल की गई थी। लोकसभा सचिवालय ने सभी 20 सांसदों से नोटिस मिलने के सात दिनों के भीतर याचिका पर अपनी टिप्पणी और जवाब दाखिल करने को कहा है। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा अभिषेक बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताने के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें दलबदल के आधार पर अयोग्यता की याचिकाओं पर जल्द फैसला लेने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई।

# गेस्ट हाउस में किशोरी के साथ दुष्कर्म

- जगदीशपुरा पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार
- चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर किया था बेसुध
- ब्लैकमेल कर दोबारा बुलाने का बनाया दबाव
- बात नहीं मानी तो वीडियो कर दिया वायरल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

किशोरी को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर बेसुध करने, इसके बाद गेस्ट हाउस में उसके साथ दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोरी ने जब आरोपियों की बात मानने से इनकार किया तो उन्होंने उसका आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

मामला रकाबगंज क्षेत्र की रहने वाली किशोरी से जुड़ा है। उसकी मां की ओर से जगदीशपुरा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, 18 जुलाई को क्षेत्र में रहने वाले रचित और सोमू उनकी बेटी को चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि दोनों पहले किशोरी को ताजगंज क्षेत्र स्थित एक कैफे में लेकर पहुंचे। वहां उसे चाय पिलाई गई। पीड़िता की मां का आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। चाय पीने के बाद किशोरी बेसुध हो गई।

एफआईआर के अनुसार, किशोरी के बेसुध होने के बाद दोनों आरोपी उसे स्कूटी से जगदीशपुरा क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में लेकर पहुंचे। आरोप है कि वहां किशोरी की बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद यही वीडियो किशोरी को डराने और दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा। आरोप है कि घटना के बाद दोनों युवकों ने किशोरी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वे उसे दोबारा अपने पास बुलाने का दबाव बनाने लगे। किशोरी ने जब उनकी बात मानने से इनकार किया तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसका आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया।

### शिकायत के लिए चौकी-थाने पहुंचे परिजन

परिजनों को जब पूरे मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की। परिजन किशोरी को लेकर पहले ईदगाह चौकी पहुंचे। वहां से उन्हें ताजगंज थाने भेजा गया। ताजगंज पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच करते हुए उस गेस्ट हाउस के संबंध में जानकारी जुटाई, जहां घटना होने का आरोप लगाया गया था। जांच में गेस्ट हाउस का स्थान जगदीशपुरा थाना क्षेत्र में सामने आने के बाद मामले को संबंधित थाने भेजा गया। इसके बाद किशोरी की मां की शिकायत पर जगदीशपुरा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसीपी लोहामंडी गौरव सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### पुलिस डिजिटल साक्ष्यों की कर रही जांच

पुलिस मामले से जुड़े साक्ष्यों, घटनास्थल, आरोपियों के मोबाइल फोन और कथित वीडियो सहित अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर वीडियो किस माध्यम से अपलोड किया गया और उसे आगे किन लोगों तक भेजा गया। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच के जरिए घटना की पूरी कड़ी जोड़ने का प्रयास कर रही है।

# अब मोदी कैबिनेट में बदलाव की आहट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में जल्द बड़ा फेरबदल होने की बात कही जा रही है। सियासी गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो चुकी है और कई नेताओं की निगाहें अब उस फोन कॉल पर टिकी हैं, जो उन्हें सरकार में नई जिम्मेदारी मिलने का संकेत दे सकती है। माना जा रहा है कि अगर कैबिनेट में बदलाव होता है तो यह महज सामान्य विस्तार नहीं होगा, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर मोदी सरकार की टीम का बड़ा रीसेट हो सकता है।

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन की नई संगठनात्मक टीम सामने आने के बाद अब निगाहें सरकार पर हैं। पार्टी संगठन में बड़े बदलाव के बाद सवाल है कि क्या अगला नंबर 'टीम मोदी' का है? संभावित कैबिनेट फेरबदल का फॉर्मूला परफॉर्मेंस + युवा + महिला + क्षेत्रीय संतुलन + सहयोगी दल + चुनावी समीकरण हो सकता है।

अभी केंद्रीय मंत्रि परिषद में 69 सदस्य हैं, जबकि संविधान के अनुच्छेद 75 (1अ) के तहत अधिकतम 81 मंत्री बनाए जा सकते हैं। यानी सरकार के पास नए चेहरों को शामिल करने की गुंजाइश है। हालांकि संभावित फेरबदल केवल खाली जगह भरने तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसमें मंत्रियों का प्रदर्शन, राज्यों का प्रतिनिधित्व, एनडीए सहयोगियों की मांग और कई मंत्रियों के पास मौजूद अतिरिक्त मंत्रालयों का बंटवारा भी अहम हो सकता है।

# मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य तैयारियां, सीएम योगी भी होंगे शामिल

## पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में 2 से 4 सितंबर तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

- मथुरा में दो दिन प्रवास कर सकते हैं सीएम योगी, शहर के चप्पे- चप्पे पर भव्य तैयारियां जारी
- कन्हैया मित्तल की भजन संध्या होगी खास आकर्षण, शहर भर में सजेंगे 26 अन्य मंच
- श्रद्धालुओं को दर्शन के साथ ब्रज के व्यंजनों का भी मिलेगा स्वाद, पहली बार लगेंगे फूड स्टॉल

टीएनएफ टुडे, मथुरा।



भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर कान्हा की नगरी मथुरा में उत्साह चरम पर है। योगी सरकार इस बार जन्मोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां कर रही है। खास बात यह है कि इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मथुरा के जन्मोत्सव में शामिल होंगे। उनके मथुरा में दो दिन तक प्रवास करने की संभावना है, जिसे देखते हुए पूरे शहर में सुरक्षा, साज-सज्जा और स्वागत की भव्य तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

### भक्ति, संगीत और संस्कृति का अनूठा संगम

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से डैम्पियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में 2 से 4 सितंबर तक तीन दिवसीय विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में भजन, कीर्तन, लोकगायन, नृत्य और बांसुरी वादन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत 2 सितंबर को दोपहर 3 बजे उद्घाटन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। इसके पश्चात श्याम जी का शंख वादन और भारत भूषण का भजन व लोकगायन होगा। वहीं गीता शोध संस्थान और रासलीला अकादमी, वृंदावन द्वारा 'मुदरिया प्रेम एवं नंदोत्सव' की विशेष झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

### कन्हैया मित्तल की भजन संध्या से होगा समापन

कार्यक्रम के दूसरे दिन, 3 सितंबर को देवर्ष शर्मा का भजन गायन, कृष्णा सागर कलेक्टिव की भजन जैमिंग और श्रुति अनंदिता वर्मा के निर्देशन में 'कृष्णा कॉन्सर्ट-डिवोशनल म्यूजिकल' की शानदार प्रस्तुति होगी। 4 सितंबर को मोहित शेवानी 'कृष्णानायन' प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा हार्टफुलनेस फाउंडेशन की ओर से स्नीति मिश्रा, अनिरबान और मैत्रेयी राय अपनी सांगीतिक प्रस्तुतियां देंगे। इस तीन दिवसीय समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण 4 सितंबर की शाम को प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या होगी, जो समापन अवसर पर

### शहर में सजेंगे 26 मंच, पहली बार लगेंगे फूड स्टॉल

लाखों श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने शहर भर में 5 बड़े और 21 छोटे मंच बनाए हैं। इन मंचों पर ब्रज के स्थानीय कलाकार अपनी लोक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिससे पूरा शहर कृष्णमय हो जाएगा। इसके साथ ही पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह परिसर में पहली बार फूड स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु कार्यक्रमों के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद ले सकें। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर बात करते हुए ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सीईओ लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्रज की पारंपरिक भक्ति, मधुर संगीत और समृद्ध संस्कृति को आधुनिक मंच के साथ जोड़ना है। हम चाहते हैं कि जन्मोत्सव में मथुरा आने वाले श्रद्धालु ब्रज की लोक कला को करीब से महसूस करें। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रेक्षागृह परिसर में फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ब्रज के अलग -अलग तरह के व्यंजनों का बेहतरीन अनुभव मिलेगा।

# अमन चैन के साथ निकला बारावफात का जुलूस

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी, एत्मादपुर, फतेहाबाद।





हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश बारावफात के मौके पर ग्रामीण क्षेत्र में अकीदत के साथ जुलूस निकाला गया।

जुलूस बुधवार शाम फतेहपुर सीकरी में तेरहा गेट से शुरू होकर चूड़ी बाजार, नगर पालिका, मेन बाजार होते हुए ऐतिहासिक बुलंद दरवाजे पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद, जुलूस के दौरान एसीपी शैलेंद्र कुमार, थाना प्रभारी आनंदवीर, कस्बा चौकी प्रभारी वरुण पवार मय पुलिस बल जुलूस के साथ मुस्तैद रहे।

आगरा कमिश्नर के निर्देश पर सुपर ड्रोन से भी आसमान से बाज वाली नजर रखी गई। तेरहा गेट से बुलंद दरवाजे तक गूंजा एक ही नारा - सीकरी में हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई, अमन-चैन जिंदाबाद।

पुलिस-प्रशासन और आवाम के सहयोग से जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, सीकरी की गंगा-जमुनी तहजीब एक बार फिर हुई बुलंद। जुलूस के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन बदरुद्दीन कुरैशी, रमजान उस्मानी, डॉ मुस्तकीम, शौकत उस्मानी, इदरीश सभासद, असलम कुरैशी, सईद सभासद, गब्बर कुरैशी, मुन्ना खान समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

एत्मादपुर में हर्षोल्लास और अकीदत के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान पूरा माहौल मजहबी रंग में रंगा नजर आया। यह जुलूस अम्बेडकर पार्क से शुरू हुआ, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस सब्जी मण्डी चौराहा, ताकिया चौराहा, मेन बाजार, फाटकान, शेखान सराय, जैन गज और शतुरबान होते हुए वापस ताकिया चौराहा पर पहुँचकर शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ। जुलूस का नेतृत्व शाही इमाम नासिम हुसैन ने किया। जुलूस में नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष राकेश बघेल, बसपा नेता केशव दत्त निमेश, किसान नेता अंशुमन ठाकुर और जितेंद्र त्यागी जैसे प्रमुख जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने शिरकत की।

हाजी फरीद खां, सभासद मुफीज खां, मुस्लिम ठेकेदार, राशिद कुरेशी, काले कुरेशी, कदीर कुरैशी, खलील कुरैशी, सेठ इकबाल कुरैशी, सेठ अन्सार कुरैशी, हाजी सेठ अशपाक कुरैशी, मुन्नबर फारूकी, असलम अहमद सिद्दीकी, जहीर फारुकी, रहीश खां, विकार अहमद, डॉक्टर शाहिद, हाजी भोलू कुरैशी, शमीम फरीदी, भूरा फरीदी, नदीम फरीदी और उबैश खां आदि उपस्थित रहे।

वहीं, फतेहाबाद में प्रमुख मार्गों पर बारिश के बीच जुलूस निकाला गया। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र स्वयं जुलूस के आगे चलकर यातायात नियंत्रित कर रहे थे। यह जुलूस पठान मौहल्ला में मदरसे से शुरू हो कर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गांधी चौक, अंबेडकर चौक से होते हुए शिवाजी नगर से कस्बा फतेहाबाद के प्रमुख मार्ग में निकाला गया। डा. जमीर बेग इमरान खान, कदीर खान,सप्पो भाई,असलम खां,शानू खां आदि मौजूद रहे।



## बाह में 9 करोड़ से बनेंगी 6 सड़कें, लाभांवित होगी 25 हजार की आबादी।

**बाह।** विधानसभा क्षेत्र बाह में 9 करोड़ की लागत से 6 सड़कें बनेंगी। जिससे 25 हजार की आबादी लाभांवित होगी। गांवों में आवागमन सुगम होने के साथ ही ग्रामीण किसान आसानी से अपनी उपज को मंडी तक पहुंचा सकेंगे। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग ने विधानसभा क्षेत्र में 6 सड़कों को मंजूरी दी है। बजट आवंटन के साथ ही निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि विजयगढ़ी-गोपालपुरा मार्ग का 2.12 करोड़ की लागत से निर्माण होगा। सार्वजनिक इंटर कॉलेज चौरंगाहार-कैंजरा मार्ग से जुड़ेगा। इस नई सड़क पर 1.90 करोड़ खर्च होंगे। करनपुरा-चीकनीपुरा मार्ग के निर्माण पर 1.90 करोड़ की लागत आएगी। जबकि रेहा-जगतूपुरा के संपर्क मार्ग की सड़क पर करीब 1 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एबीके मार्ग से मुड़ियापुरा के स्कूल तक सड़क के निर्माण पर 1.1 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं बिठौली में साइकिल ट्रेक से गुलाब की ठार तक 87 लाख रुपये से सड़क बनेगी। उन्होंने बताया कि प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव सड़क बिहीन न रहे। वन विभाग के रोड़े को खत्म कराने के लिए चंबल सेंक्चुअरी का दायरा घटाने के साथ ही यमुना के बीहड़ के गांवों में भी वन विभाग से अनुमति को पीडब्ल्यूडी प्रयासरत है।

## फतेहपुर सीकरी में 40 किलो गांजा बरामद

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।

### ट्रक कार समेत चार अभियुक्त गिरफ्तार

थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र नेशनल हाईवे आगरा जयपुर मार्ग मोड़ बाईपास मंडी समिति के सामने एएनटीएफ व थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार से करीब 40 किलो गांजा बरामद करते हुए एक ट्रक एक कार समेत चार अभियुक्तों को धर दबोचा। एएनटीएफ पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है।

मिली जानकारी अनुसार बुधवार प्रातः ट्रक संख्याखङ 21ख 2914 रबर के पीछे छिपाकर गांजा त्रिपुरा से जयपुर राजस्थान ले जाया जा रहा था। फतेहपुर सीकरी मंडी समिति के सामने गांजे को ट्रक से कार में स्थानांतरित किया जा रहा था। इसी दौरान एएनटीएफ की टीम ने छापा मारकर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय मादक तस्कर गिरोह के सदस्यों को धर दबोचा , जिनके पास से 40 किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 25 लाख बताई गई है , एएनटीएफ सीओ उमेश पंवार के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मादक तस्कर गिरोह के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मामले में चार अभियुक्तों जिनमें नरेंद्र कुमार जनदरागल कांगड़ा हिमाचल प्रदेश,आकाश सांसी अमांगढ़ थाना ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर, अनिल कुमार टीनकिरोड़ी श्योपुर अलवर, इरफान सलमानी बड़ी हथाई नई की मंडी आगरा को गिरफ्तार किया है वहीं फरार आरोपियों में जकरिया उर्फ जाका किशोरपुरा जगदीशपुरा आगरा, मन्नू किशोरपुरा आगरा ,अजमत खान कार चालक जकरिया का बहनोई मौके से फरार बताए जा रहे हैं। एएनटीएफ टीम ने एक ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार को कब्जे में लिया है। पुलिस द्वारा मामले में बरामद गांजे के स्रोत, तस्करी के नेटवर्क और आरोपियों के अन्य संभावित सहयोगियों के संबंध में जांच की जा रही है। कार्रवाई के संबंध में पुलिस की ओर से आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## 30 हजार दे दो, नहीं तो मुकदमा लिख जाएगा: आगरा के फतेहाबाद थाने के दरोगा का छात्र से रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल

**आगरा।** फतेहाबाद थाने के एक दरोगा पर छात्र से मुकदमा दर्ज नहीं करने के नाम पर 30 हजार रुपये मांगने का आरोप लगा है। दरोगा और छात्र के बीच कथित बातचीत का 2 मिनट 49 सेकंड का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में दरोगा द्वारा रकम की मांग करने और रुपये नहीं देने पर शाम तक मुकदमा दर्ज करने की बात कहे जाने का दावा किया जा रहा है। छात्र कथित बातचीत में अपने भविष्य और पढ़ाई का हवाला देकर कार्रवाई न करने की गुहार लगाता सुनाई दे रहा है।

गौरव प्रताप सिंह ह्य30 हजार दे दो, नहीं तो शाम को मुकदमा दर्ज हो जाएगाह्न वायरल ऑडियो में कथित तौर पर दरोगा छात्र से कहता है कि उसे मुकदमे में पूरी मदद करनी होगी और सूचनाएं एकत्रित करके देनी होंगी। इसी बातचीत के दौरान एक व्यक्ति का नाम निकालने के लिए 30 हजार रुपये मांगे जाने की बात सामने आती है छात्र दरोगा से पूछता है कि रकम अकेले उसके लिए है या सभी लोगों के नाम निकलवाने के लिए। इस पर दरोगा कथित रूप से कहता है कि उसने सभी का ठेका नहीं ले रखा है।

## आगरा में यूपी बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की मांग

### शिक्षा निदेशक को भेजी जाएगी संस्तुति सहित रिपोर्ट

टीएनएफ टुडे, आगरा।



आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित कराने की 27 वर्ष पुरानी मांग को लेकर प्रयास एक बार फिर तेज हो गए हैं। इस संबंध में मंगलवार को संघर्ष समिति के संयोजक डॉ. देवी सिंह नरवार ने जिला विद्यालय निरीक्षक (बालिका शिक्षा) विश्व प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक विश्व प्रताप सिंह ने बताया कि ज्ञापन के आधार पर शीघ्र ही शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) को संस्तुति सहित पत्र भेजा जाएगा, ताकि आगरा में क्षेत्रीय कार्यालय स्थापना के प्रस्ताव पर आगे की कार्रवाई की जा सके। बिचपुरी के कलवारी स्थित एचआर एस्टेट निवासी डॉ. देवी सिंह नरवार ने बताया कि वह वर्ष 1999 से इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। वर्तमान में यूपी बोर्ड के अधीन प्रतिवर्ष लगभग 56 लाख परीक्षार्थी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होते हैं, जबकि बोर्ड के केवल पांच क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, वाराणसी, बरेली, प्रयागराज और गोरखपुर में संचालित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999, 2001 और 2018 में आगरा के लिए तीन बार शासन को प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, जिनमें मेरठ और प्रयागराज क्षेत्र के कुछ जिलों को विभाजित कर आगरा में नया क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने की अनुशंसा की गई थी।

#### 15 जिलों को होगा सीधा लाभ

डॉ. नरवार के अनुसार प्रस्तावित आगरा क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, औरैया, कन्नौज, फर्रूखाबाद, इटावा, झांसी, जालौन (उरई) और ललितपुर जिलों को शामिल किया जाना प्रस्तावित है। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा, आवेदन, अंकपत्र, संशोधन और प्रमाणपत्र संबंधी कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी।

#### एक लाख से अधिक समर्थन पत्र

संघर्ष समिति अब तक एक लाख से अधिक छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र कर चुकी है। इसके साथ ही कई सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री को समर्थन पत्र भेजे हैं। आगरा के डायट परिसर में स्थित पुराने बीटीसी छात्रावास के 30 कमरों को क्षेत्रीय कार्यालय के लिए प्रस्तावित किया गया है, जिसका शासन स्तर पर निरीक्षण भी पूरा हो चुका है।

## नंदगवा तिराहे पर ऑटो-टेंपो चालकों का सत्यापन

**पिनाहट (आगरा)।** रक्षाबंधन पर्व पर बहनों और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में है। बुधवार को पिनाहट के नंदगवा तिराहे पर पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ऑटो और टेंपो चालकों का सघन सत्यापन किया। त्योहार के दौरान बसों और ऑटो में भारी भीड़ उमड़ती है, इसे देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान पुलिस ने चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। साथ ही वाहनों पर चालकों का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखने के निर्देश दिए। पुलिस ने चालकों को सख्त चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान किसी भी यात्री से अतिरिक्त किराया न वसूला जाए और क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाई जाएं। संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस सामान दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए कहा गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## एत्मादपुर में जुआ खेलते 2 गिरफ्तार

**एत्मादपुर।** थाना एत्मादपुर पुलिस टीम ने जुआ खेलने के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से ताश के पत्ते और नकदी बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन के निर्देशन में चलाई जा रही धरपकड़ अभियान के तहत की गई है। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली। पुलिस टीम ने भागूपुर पुल के पास घेराबंदी की। वहाँ से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 2 अभियुक्तों को रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गए कुबेर बघेल (पुत्र नेक्से लाल) झ निवासी: ग्राम छोटा भागूपुर, अरविन्द कुमार (पुत्र रामसिंह) झ निवासी: ग्राम छोटा भागूपुर, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ताश के पत्ते, 4,280 रुपये कैश मिले। इस मामले में थाना एत्मादपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है जिसमे सोनू (निवासी: ग्राम भागूपुर)योगेश (निवासी: ग्राम भागूपुर)कान्हा (निवासी: ग्राम भागूपुर) फरार है।

## 45 लाख से अधिक की शराब नष्ट की

**एत्मादपुर।** 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत माल निस्तारण अभियान चलाते हुए थाना एत्मादपुर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब को नष्ट कर दिया। यह पूरी कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेशानुसार विधिक रूप से संपन्न की गई। पुलिस ने कुल 4515 लीटर अंग्रेजी और 45 लीटर देसी शराब को पूरी तरह नष्ट किया।नष्ट की गई इस शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 45,37,000/- (पैंतालीस लाख सैंतीस हजार) रुपये आंकी गई है।यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त आगरा और पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर के पर्यवेक्षण में की गई।एत्मादपुर क्षेत्र के आबकारी अधिनियम के मुकदमों से संबंधित इस माल को सतौली क्षेत्र में जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर पंचनामा टीम के समक्ष नष्ट कराया गया।निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौके पर की गई इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान एसीपी देवेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, ने अपनी टीम के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# सावन में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

### शिव महापुराण कथा का यज्ञ के साथ हुआ विश्राम

**पार्श्वनार्थ पंचवटी कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजन**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सावन माह के पावन दिनों में पार्श्वनार्थ पंचवटी कॉलोनी, ताजनगरी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित दिव्य एवं भावपूर्ण श्री शिव महापुराण कथा का विश्राम दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। आयोजन का समापन विधिविधान से किए गए यज्ञ एवं हवन के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। विश्राम दिवस पर पंडित गिरीश उपाध्याय जी के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने श्री शिव महापुराण की कथा का श्रवण किया। पंडित गिरीश उपाध्याय ने विधिविधान से पूजा-अर्चना एवं यज्ञ संपन्न कराया और भगवान भोलेनाथ की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म,भक्ति और सद्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्य यजमान सुग्रीव चौहान एवं संजू चौहान ने विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ में पंचवटी परिवार के सदस्यों ने भी श्रद्धापूर्वक आहुति देकर भगवान शिव से सुख-शांति और परिवार की समृद्धि की कामना की, आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर कलावती, सुमन चाहर, चांदनी भोजवानी, ममता सिंह, श्याम भोजवानी, कंचन चौधरी, गीता आहूजा, उमा सिंह, सुमन शर्मा, संतोष गुप्ता, अंजली गुप्ता, मंजू शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, सीमा सिंह, राजकुमारी, सुमन अग्रवाल, कुसुम गुप्ता, रानी गुप्ता, कविता कुकरेजा, नीरू कुलश्रेष्ठ एवं प्रभा पिपलानी सहित पंचवटी परिवार के सदस्य मौजूद रहे। पंचवटी महिला मंडल की मुख्य सुमन चाहर ने बताया कि कॉलोनी में समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन कर आपसी भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा दिया जाता है।

## अटल राजकीय महाविद्यालय के अधूरे काम पर डीएम नाराज, एक महीने में कमियां दूर करने के निर्देश



**बाह।** चंबल के बीहड़ में बसे बाह के बाघराजपुरा गांव में 8.72 करोड़ की लागत से बने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में 2 साल से कक्षाएं संचालित हैं। 7 अगस्त को उच्च शिक्षा विभाग को राजकीय महाविद्यालय भवन हस्तांनातरित होने से पहले सीडीओ प्रतिभा सिंह के स्थलीय निरीक्षण में खामियां मिली थी। सीडीओ की रिपोर्ट पर बुधवार को डीएम मनीष बंसल ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बाउंड्रीवाल पर पेंट नहीं मिला, एक ओर प्लास्टर ही नहीं किया गया था। यह देख कर उन्होंने नाराजगी जताई। टाइल्स और खिड़कियां अवव्यवस्थित मिली। कुछ कक्षों में पुट्टी की गुणवत्ता ठीक नहीं थी। सीडीओ को छत पर सीलिंग नहीं मिली थी, जिसे दुरुस्त कर दिया गया। पंखे भी मानक के अनुसार नहीं लगे थे, जिन्हें बदल दिया गया है। डीएम ने निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को एक महीने में दूर करने निर्देश दिए। खामियां दूर न होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान एसडीएम बाह विनोद कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य प्रदमुन कुमार, बीडीओ नीरज तिवारी एवं राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी और ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन से पहले परिषदीय शिक्षकों को मिले वेतन, यूटा आगरा ने बीएसए से की मांग=राजीव वर्मा

**आगरा।** रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक एवं सामाजिक पर्व को देखते हुए आगरा जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का समय से पूर्व भुगतान किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा), आगरा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि रक्षाबंधन पर्व से पहले सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। यूटा के जिला महामंत्री राजीव वर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और परिवार के लोग एक-दूसरे के साथ त्योहार मनाते हैं। ऐसे में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को यदि समय पर वेतन प्राप्त हो जाए तो वे अपने परिवार के साथ पर्व की तैयारियां बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरे वर्ष पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करते हैं। इसलिए त्योहारों के अवसर पर उनके वेतन भुगतान में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। राजीव वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों एवं लेखा विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर वेतन प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि रक्षाबंधन से पहले जनपद के सभी परिषदीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन पहुंच सके। यूटा का कहना है कि समय से वेतन मिलना प्रत्येक कर्मचारी का अधिकार है और त्योहार के अवसर पर इसका विशेष महत्व हो जाता है। यदि वेतन भुगतान समय से पहले हो जाता है तो शिक्षक अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन पर्व को खुशी और उत्साह के साथ मना सकेंगे। यूटा आगरा ने उम्मीद जताई है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे तथा रक्षाबंधन से पूर्व वेतन भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा। यूटा आगरा ने कहा— रक्षाबंधन की खुशियां तभी पूर्ण होंगी, जब शिक्षक परिवार भी समय से अपने वेतन का लाभ प्राप्त कर पर्व की तैयारियां कर सकें।

## मैं सावन झूला झूलू जी...

# लव-कुश जन्मोत्सव के लोकगीतों पर थिरकीं महिलाएं

टीएनएफ टुडे, आगरा।



कुशवाह क्षत्रिय महिला मंच श्रावण एवं लव कुश महोत्सव का आयोजन कारगिल चौराहा स्थित डीजेल हाउस में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रवीना राजावत, रेखा गिर्राज कुशवाह, अनिता कुशवाह और कमलेश कुशवाह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता रीना सिंह ने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास है। लव कुश महाराज के जन्मोत्सव को शक्ति, संस्कृति और प्रकृति के समागम के रूप में मनाया गया। मैं सावन झूला झूलू जी.., झूले पड़े अमरइया डार, नाचे राधा मोहन कर संग... रंगीलो सावन आयोङ्ख जैसे लोक गीतों पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया।

अध्यक्ष शशि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में श्रीराम के पुत्र लव और कुश की गौरवगाथा प्रस्तुत की गई, जिसमें कुलदेवी जमवाय माता और लव-कुश की जीवंत गाथा का परिचय कराया।

दूसरा सत्र श्रावण उत्सव लोक मल्हार को समर्पित रहा, जिसमें परंपरागत हरित परिधानों में महिलाओं ने रैंप पर कैटवॉक कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं को सुहाग पिटारा भी भेंट किया।

संचालन अल्पना सिंह व राधा ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मनोरमा गुप्ता, रीनू वर्मा, संध्या, राजेश्वरी बघेल और पूजा शर्मा रही।

कार्यक्रम की व्यवस्था रीनू, ममता, विनीता, नीरज, उषा, आदि ने संभाली।

#### इन्हें किया सम्मानित

लोक संस्कृति को बढ़वा देने को जीवनदायनी ट्रस्ट ने 51 हजार रुपये का चेक भेंट किया। कार्यक्रम में बिटौली कुशवाह, पविता सिंह, नीलम सिरसा, तनीषा सिंह, नंदनी सिंह और मालती कुशवाह का मंच से विशेष सम्मान किया।



## ग्राम दूरा में फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास

**फतेहपुर सीकरी** ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दूरा में विगत देर शाम 11:30 बजे करीब पड़ोसी गांव के एक युवक ने तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी ,नाम लेकर ग्रामीण को गालियां देते हुए आवाज देकर ललकार और भाग निकले ,सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर तीन आरोपी जाते हुए दिखाई दे रहे हैं ,पीड़ित ने थाना पुलिस को नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है ।ग्राम पंचायत दूरा निवासी तुलाराम पुत्र शिवचरण ने थाना सीकरी में प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि विगत रात्रि 11:30 बजे करीब वह लेटा हुआ था तभी बाइक सवार ने उसके नाती सत्यवीर सिंह उर्फ सत्तो का नाम लेकर गाली देते हुए आवाज लगाई थोड़ी देर में ही तमंचे से फायरिंग कर दी और मोटरसाइकिल लेकर भाग निकले , फायरिंग की सूचना से गांव में दहशत फैल गई ,सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर फायरिंग करने वाला ग्राम पंचायत टिकरी निवासी ललित उर्फ खिलौना व दो अन्य हैं जिनकी पहचान नहीं हो पाई है , पुलिस ने पीड़ित को आरोपियों के खिलाफ शख्त कार्यवाही का भरोसा दिया है ।

TNF® TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



### ताजमहल पहुंचीं मिस टीन इंटरनेशनल-2026 की फाइनलिस्ट

# खूबसूरती देख बोली- इट्स वेरी ब्यूटीफुल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मिस टीन इंटरनेशनल-2026 में हिस्सा लेने के लिए 30 से ज्यादा देशों से आईं फाइनलिस्ट बुधवार को जब ताजमहल के दीदार के लिए पहुंचीं तो पूरा परिसर ग्लैमर से भर गया। सुबह फाइनलिस्ट का दल पूर्वी गेट से ताज परिसर में दाखिल हुआ। सफेद संगमरमर के ताज को सामने देखते ही सभी के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया। किसी ने ताज के साथ सेल्फी ली, तो किसी ने ताज को बैकग्राउंड में रखकर रील बनाई।

ताजमहल में फाइनलिस्ट करीब 30 मिनट तक रुकीं। इस दौरान प्रसिद्ध डायना बेंच उनके फोटोशूट का मुख्य आकर्षण बनी रही। प्रतिभागियों ने ग्रुप में और अकेले-अकेले डायना बेंच पर बैठकर पोज दिए। एक साथ इतनी विदेशी सुंदरियों को देखकर वहां मौजूद घरेलू और विदेशी पर्यटक भी काफी उत्साहित दिखे और उनके साथ सेल्फी लेने लगे। फाइनलिस्ट ने भी मुस्कुराकर सभी का अभिवादन किया।

फाइनलिस्ट ने कहा, हमने कई देशों में ऐतिहासिक इमारतें देखी, लेकिन ताजमहल जैसा अनुभव कहीं नहीं मिला। फाइनलिस्ट ने ताजमहल के इतिहास में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने गाइड से शाहजहां और मुमताज की कहानी सुनी। संगमरमर पर रंग-बिरंगे पत्थरों से की गई बारीक पच्चीकारी देखकर वे दंग रह गईं और उसे कैमरे में कैद किया। इस दौरान उनके साथ मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की विजेता स्पेन की लोरेना रुइज भी मौजूद रहीं।

दल में भारत, अमेरिका, मेक्सिको, स्पेन, फिलीपींस, कनाडा, कोलंबिया, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, कंबोडिया समेत 30 से अधिक देशों की प्रतिभागियां शामिल थीं। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि मिस टीन इंटरनेशनल-2026 का ग्रैंड फिनाले 30 अगस्त को जयपुर में होगा।

इसमें 13 से 19 वर्ष की प्रतिभागियां हिस्सा ले रही हैं। जहां उनके आत्मविश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व को परखा जाएगा।

# धूमधाम से मना जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

### जुलूस का सराय ख्वाजा बाजार कमेटी ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर सराय ख्वाजा स्थित शाही मस्जिद में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने पैगंबर हजरत मोहम्मद की शान में नात-ए-पाक पेश कीं।

इस दौरान मौजूद लोगों ने पैगंबर की शिक्षाओं और उनके बताए इंसानियत, भाईचारे, प्रेम एवं रहमत के संदेश को याद किया। अलहाज हाफि ज आलम रजा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बच्चे जुलूस में शामिल हुए। जुलूस के सराय ख्वाजा बाजार पहुंचने पर बाजार कमेटी के व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर बच्चों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बाजार कमेटी और क्षेत्रीय लोगों की ओर से बच्चों को मिष्ठान भी वितरित किया गया।

शाही मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम और बच्चों के जुलूस को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और इंसानियत का संदेश देते हुए जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की खुशियां मनाईं।

# डीएम ने मंडी समिति वेयर हाउस का किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने मंडी समिति वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित भंडारित मशीनों का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस में भंडारित सभी ईवीएम एवं वीवीपैट पूरी तरह सुरक्षित हैं और यहां 24 घंटे पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात रहते हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।

जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी,अग्नि शमन उपकरणों की कार्यशीलता और सुरक्षा बलों की तैनाती सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षणोपरांत सभी के द्वारा भ्रमण पंजिका पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुनाधर चौहान, सहायक निर्वाचन अधिकारी नर्सिंग सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर बहनों को नि:शुल्क बस यात्रा

### लखनऊ में ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्राह्न योजना का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे, आगरा।



**■ सूरसदन प्रेक्षागृह में लाइव प्रसारण के साथ महिलाओं को साड़ी और मिठाई देकर किया सम्मानित**

सूरसदन प्रेक्षागृह में केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, मंत्री उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया, जिलाधिकारी मनीष बंसल की गरिमामई उपस्थिति में जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' का शुभारंभ एवं विशेष बसों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उपस्थित महिलाओं द्वारा देखा व सुना गया। कार्यक्रम में रक्षाबन्धन पर्व के सुअवसर पर उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों में सभी महिलाओं को एक सहयात्री के साथ 27 अगस्त की प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने तथा साड़ी व मिठाई प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने रक्षाबंधन के अवसर पर माताओं-बहनों के लिए प्रदेश में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिला सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व पर इस योजना को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जोड़ा जाना भी गौरव की बात है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार की योजनाओं और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था का प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक दिखाई दे रहा है। महिला सुरक्षा के क्षेत्र में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की महिलाएँ स्वयं को अधिक सुरक्षित और निर्भीक महसूस कर रही हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएँ केवल सुविधाएँ उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हैं। बल्कि लोगों के जीवन में आत्मविश्वास, सम्मान और बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रही हैं।

उन्होंने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की सभी माताओं-बहनों को मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए इस उपहार के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (नगर) यमुनाधर चौहान, एसडीएम सदर विक्रम राघव, एसीएम नीलम, आरएम रोडवेज बीपी अग्रवाल, डीसी एनआरएलएम प्रेम चंद, ज्योति जादौन, डॉ बीना लवानिया आदि मौजूद रहीं।

# रक्षाबंधन से पहले शिक्षकों को वेतन की मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पारिवारिक एवं सामाजिक पर्व को देखते हुए आगरा जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन का समय से पूर्व भुगतान किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा), आगरा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि रक्षाबंधन पर्व से पहले सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। यूटा के जिला महामंत्री राजीव वर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और परिवार के लोग एक-दूसरे के साथ त्योहार मनाते हैं। ऐसे में शिक्षकों एवं कर्मचारियों को यदि समय पर वेतन प्राप्त हो जाए तो वे अपने परिवार के साथ पर्व की तैयारियां बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक पूरे वर्ष पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय कार्यों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करते हैं। इसलिए त्योहारों के अवसर पर उनके वेतन भुगतान में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। राजीव वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों एवं लेखा विभाग को आवश्यक निर्देश जारी कर वेतन प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि रक्षाबंधन से पहले जनपद के सभी परिषदीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन पहुंच सके। यूटा का कहना है कि समय से वेतन मिलना प्रत्येक कर्मचारी का अधिकार है और त्योहार के अवसर पर इसका विशेष महत्व हो जाता है। यदि वेतन भुगतान समय से पहले हो जाता है तो शिक्षक अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन पर्व को खुशी और उत्साह के साथ मना सकेंगे। यूटा आगरा ने उम्मीद जताई है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे तथा रक्षाबंधन से पूर्व वेतन भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा।

# 7 हजार किलो दूध और 145 किलो खोआ नष्ट

**■ नीरज डेयरी पर फिर पहुंची टीम, केदार डेयरी, मुन्नालाल स्वीट्स, बीकानेर स्वीट्स की भी जांच**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा विशेष प्रवर्तन एवं निगरानी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 7 हजार किलो दूध और 145 किलो खोये को नष्ट करा दिया गया। शहर से देहात तक करीब डेढ़ दर्जन प्रमुख डेयरी और मिठाई की दुकानों पर नमूने भरे गए। इनमें दूध, दही, पनीर, देशी घी, घेवर, मेवा बाटी, काजू कतली, गुजिया, खोया लड्डू सम्मिलित हैं। लगभग 52 किलोग्राम अपमिश्रक (वनस्पति जैसे पदार्थ) को सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

अभियान के दौरान सैंया टोल प्लाजा के पास वाहन संख्या टढ 06 ऋअ 3008 को रोककर जांच की गई। वाहन में लगभग सात हजार लीटर सप्लायर दूध भरा हुआ पाया गया। उक्त वाहन फर्म त्यागी दूध डेयरी, नियर कलावती पेट्रोल पंप, कैलारस, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश का था। वाहन चालक रामनिवास कुशवाह पुत्र श्रीपति कुशवाह, निवासी नथालपुरा, थाना टेंटरा, सबलगढ़, मुरैना से दूध के संबंध में आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। चालक द्वारा मौके पर लाइसेंस, क्रय-विक्रय बिल एवं टेस्टिंग रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही दूध कहाँ से लाया गया तथा कहाँ ले जाया जा रहा है, इस संबंध में भी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। मौके पर दूध का विधिक नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। आवश्यक अभिलेख एवं दूध के स्रोत के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध न होने के कारण शेष लगभग सात हजार लीटर दूध का विनष्टीकरण कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?1,75,000 थी।

इसी क्रम में विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाई एवं दुग्ध पदार्थों के विधिक नमूने भी संग्रहित किए गए। सदर भट्टी, नई की मंडी स्थित कमल चौरसिया से घेवर, 8/140, नई की मंडी स्थित सौरभ खंडेलवाल से घेवर तथा मदिया कटरा चौराहा, तोता का ताल स्थित वैभव गर्ग पुत्र श्री जगन प्रसाद गर्ग (नीरज डेयरी) से देशी घी का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। बीकानेर स्वीट्स, खंदारी से घेवर एवं मेवा बाटी, केदार डेयरी एवं स्वीट्स, किशोरपुरा, बोदला रोड से घेवर, मुन्ना लाल स्वीट्स, आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा से काजू कतली तथा रहनकला स्थित चेतराम से पनीर का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त भावना डेयरी से दही, सतीश मिष्ठान से घेवर, कमल मिष्ठान से गुजिया तथा लाल सिंह हलवाई, अछनेरा से खोया लड्डू का विधिक नमूना संग्रहित किया गया। इसी प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान ग्राम नाथूपुर, फतेहाबाद में खाद्य कारोबारकर्ता श्यामू सिंह के प्रतिष्ठान से खोया का 01 विधिक नमूना एवं अपमिश्रक (वनस्पति जैसा पदार्थ) का 01 नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर लगभग 145 किलोग्राम खोया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?29,000 थी, को नियमानुसार विनष्ट कराया गया।

इसके अतिरिक्त लगभग 52 किलोग्राम अपमिश्रक (वनस्पति जैसा पदार्थ) को नियमानुसार सीज करते हुए उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ता श्यामू सिंह की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। सभी नमूनों को नियमानुसार जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं संबंधित नियमों के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, महेंद्र कुमार ने बताया कि प्रवर्तन कार्रवाई में राकेश कुमार, राकेश यादव, अश्वतोष सिंह, अमित सिंह एवं सुरेंद्र चौरसिया शामिल थे।

# 56 किलोमीटर की 37 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति

**■ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र को मिली 47.68 करोड़ की सौगात**

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा–फतेहपुर सीकरी, बाह, खेरागढ़, फतेहाबाद एवं आगरा ग्रामीण–में लगभग ?47 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से 56 किलोमीटर की 37 महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों के नवनिर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति क्षेत्र के ग्रामीण विकास, बेहतर यातायात व्यवस्था एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है।

फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क मजबूत होने से किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इन सड़कों के निर्माण से गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत ये सड़क निर्माण कार्य ग्रामीण जनता के जीवन को और अधिक सुगम बनाएंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के हजारों ग्रामीण परिवारों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

# वरिष्ठ अधिवक्ता करतार सिंह भारतीय का निधन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

बुद्ध विहार प्रबंधक समिति के अध्यक्ष, भीमनगरी आयोजन समिति के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता करतार सिंह भारतीय का मंगलवार रात 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सामाजिक और अधिवक्ता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार दोपहर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता, समाजसेवी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

करतार सिंह भारतीय लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए थे। वह बुद्ध विहार प्रबंधक समिति के अध्यक्ष के साथ-साथ भीमनगरी आयोजन समिति में भी महत्वपूर्ण



जिम्मेदारियां निभाते रहे। वह भीमनगरी आयोजन समिति के अध्यक्ष भी रह चुके थे। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी सक्रियता और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से उनके आत्मीय संबंधों के चलते उन्हें सम्मान की नजर से देखा जाता था। राजनीतिक क्षेत्र में भी करतार सिंह भारतीय की सक्रिय भूमिका रही। वह लंबे समय तक बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से जुड़े रहे और पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने मेयर पद का चुनाव भी लड़ा था। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहने के बावजूद उनका व्यवहार बेहद सरल, शालीन और मिलनसार रहा। लोगों के साथ सहजता से संवाद करना और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना उनकी पहचान रही। पेशे से वरिष्ठ अधिवक्ता करतार सिंह भारतीय की अधिवक्ता के रूप में भी अच्छी प्रतिष्ठा थी। लंबे समय तक उन्होंने न्यायिक क्षेत्र में प्रैक्टिस की और अपनी कार्यशैली तथा व्यवहार के कारण अधिवक्ता समुदाय में अलग पहचान बनाई।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

# ब्रज की धरा पर दिखेगा उत्तर भारत की लोक संस्कृतियों का समागम

- श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शोभायात्रा में ब्रज के साथ बुंदेलखंड, अवध, राजस्थान और हरियाणा के कलाकार देंगे प्रस्तुति

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ इस बार केवल भव्य शोभायात्रा से नहीं, बल्कि ब्रज की लोक परंपराओं, लोक कलाओं और देश की विविध लोक संस्कृतियों के जीवंत संगम के साथ होगा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से एक दिन पूर्व 3 सितंबर को सुबह 9 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट नंबर-1 से निकलने वाली शोभायात्रा में ब्रज के पारंपरिक लोक कलाकारों के साथ बुंदेलखंड, अवध तथा ब्रज से सांस्कृतिक रूप से जुड़े राजस्थान और हरियाणा के लोक कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को समिति के सदस्यों, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संगठनों और मार्ग में स्वागत करने वाले नागरिकों की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने लोगों से उत्साहपूर्वक सहभागिता कर इसे भव्य और व्यवस्थित बनाने की अपील की। शोभायात्रा में शामिल कलाकारों और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, स्वागत-सत्कार और स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी। संस्कार भारती, उद्योगपति प्रमोद गर्ग, नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी राजीव बृजवासी, समाजसेवी एसके शर्मा, नवीन मित्तल, जयंती प्रसाद अग्रवाल, अमित जैन, सभासद नीरज वशिष्ठ सहित विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों की ओर से स्वागत की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पांडे, परिषद के उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश चंद्र, मुख्य अभियंता राणा प्रताप सिंह, सहायक अभियंता जेके जैन, गीता शोध संस्थान के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार, इस्कॉन वृंदावन के अध्यक्ष रवि लोचन दास, मान मंदिर की ओर से पंकज चतुर्वेदी, नेहरू युवा केंद्र के अमित कुमार, संस्कार भारती के सुरेंद्र गुप्ता, रेडक्रॉस के ए.एल. खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**लोक परंपराओं का होगा जीवंत प्रदर्शन**

शोभायात्रा में मान मंदिर बरसाना की सखियां, संतगण, इस्कॉन की संकीर्तन मंडली, बैंड पार्टी तथा लोक एवं सांस्कृतिक दल शामिल होंगे। कलाकार अपनी-अपनी क्षेत्रीय परंपराओं के अनुरूप पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्यों और लोक नृत्यों के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता प्रस्तुत करेंगे।

ब्रज के लोक कलाकारों के माध्यम से रास, लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और कृष्ण से जुड़ी लोक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी।

## सडक हादसे में फरह के चिकित्सक की मौत

टीएनएफ टुडे, मथुरा। फरह कस्बे के डॉ. प्रेम सिंह का मंगलवार देर शाम 7 बजे सड़क हादसे में घायल होने पर देर करीब 1 बजे उपचार के दौरान निधन हो गया। यह दुर्घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली हाईवे पर रेलवे पुल के पास हुई। डॉ. सिंह मथुरा में निजी कार्य निपटाकर अपनी बाइक से फरह स्थित अपने घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। सूचना मिलने पर रिफाइनरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल डॉ. प्रेम सिंह को तत्काल स्वर्ण जयंती अस्पताल में भर्ती कराया। स्वर्ण जयंती अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें फरह के रामा अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें रामा अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान देर रात उनका निधन हो गया। चिकित्सक के निधन की खबर से परिवार और फरह कस्बे में शोक व्याप्त है। डॉ. प्रेम सिंह फरह में अपना निजी क्लीनिक संचालित करते थे और क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित चिकित्सक के रूप में जाने जाते थे। मंगलवार को वह किसी निजी कार्य से मथुरा गए थे। कार्य समाप्त कर फरह लौटते समय रेलवे पुल के पास यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है।

# खेल, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण पर युवाओं से होगा संवाद

- 27 अगस्त को के.आर.पी.जी.महाविद्यालय और बी.एस.ए महाविद्यालय में होगा आयोजन
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन रहेगा मुख्य आकर्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को के.आर.पी.जी महाविद्यालय और. बी.एस.ए महाविद्यालय, मथुरा में खेलो इंडिया संवाद रू खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी अमित कुमार एवं प्राचार्य प्रो प्रवीण कुमार अग्रवाल, एन एस एस जिला नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन अग्रवाल, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 27 अगस्त 2026, गुरुवार को सुबह 10 बजे देशभर के प्रत्येक जिले में चयनित दो महाविद्यालयों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन होगा, जिसका सभी निर्धारित स्थलों पर एक साथ सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, जिसमें युवाओं के विचार, सुझाव और आकांक्षाएं सुनी जाएंगी और उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कर आगे प्रेषित किया जाएगा। इसके लिए चार प्रमुख विषय निर्धारित किए गए हैं।

इनमें अधिक नागरिक जागरूक एवं जिम्मेदार युवा तैयार करना, भविष्य के लिए तैयार युवा एवं कक्षा से आगे के कौशल, नई पीढ़ी के लिए स्वयंसेवा की नई अवधारणा तथा माय भारत को और मजबूत मंच बनाना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान माय भारत पंजीकरण अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को माय भारत मंच से जोड़ा जाएगा। प्रतिभागियों को अपने सुझाव डिजिटल माध्यम से देने के लिए कार्यक्रम स्थल पर क्यूआर कोड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा, विचार और सुझाव सामने रखने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा सके।

# एक हेक्टेयर के लिए 7 बैग यूरिया, 5 बैग डीएपी मिलेगा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- जिलाधिकारी ने विभागों की बैठक में दिये सख्त निर्देश, कालाबाजारी न हो
- जिला कृषि अधिकारी ने किसानों के लिए जारी किया मोबाइल नम्बर, कालाबाजारी की तत्काल दें सूचना

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद मथुरा के समस्त कृषक संगठनों के साथ जनपदीय अधिकारियों के साथ समस्याओं के संबंध में संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ । जनपद के कृषक संगठनों के अध्यक्ष, मंत्रियों के द्वारा अपनी अपनी समस्याओं के बारे में पृथक पृथक से जानकारी दी गई। जिस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा कृषक संगठनों के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि जनपद में डीएपी एवं यूरिया उर्वरक पर्याप्त मात्रा में भंडारित है, प्रत्येक कृषक प्रति हैक्टेयर सात बैग यूरिया, पांच बैग डीएपी एफआईडी, नकल खतौनी व आधार की प्रति लेकर सहकारी, निजी बिक्री केन्द्रों से पीओएस मशीन में अपना अंगूठा लगाकर क्रय कर सकते है। पीओएस मशीन की पर्ची संबंधित उर्वरक विक्रेता से प्राप्त कर यह देख लें कि आपको जितने बैग दिये जा रहे है, उतने बैग आपके नाम पर खारिज किये गये है। जिस कृषक की जमीन खादर में है, वह कृषक अपनी नकल खतौनी लेखपाल से एक बार बनवाकर रखले, उसकी फोटो प्रति के आधार पर अपनी खाद जमीन हेतु उर्वरक पॉस मशीन से नियमानुसार क्रय कर सकते है। जिन कृषकों के द्वारा बटाई पर जमीन ली गई है, वह कृषक जमीन मालिक का आधार कार्ड लेकर उर्वरक बिक्री केन्द्र पर जाकर आधार ओटीपी के माध्यम से उर्वरक क्रय कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने कृषक संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि जनपद मथुरा का सहकारी, निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र प्रभारी आपको बिना एफआईडी, नकल खतौनी, आधार कार्ड एवं पीओएस मशीन में अगूंठा लगाये बगैर उर्वरक की बोरी विक्रय करता है, तो आप तत्काल जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8273893015 पर कॉल कर अवगत करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह सहित विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हवन पूजन कर हुआ संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

## निकाली गई भव्य संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




श्रावण पूर्णिमा विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में संस्कृत भारती द्वारा 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित सोहम् आश्रम में परम् पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद जी महाराज एवं स्वामी गौरवानन्द जी महाराज के सानिध्य में वैदिक विधि विधान के साथ हवन पूजन कर किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्कृत भारती ब्रजप्रांत मंत्री डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, हरस्वरुप यादव,गौरव गौतम रामदास चतुवेर्दी शास्त्री अन्चल,अक्षित,नितेश, विकास आदि भारी संख्या में सोहम् आश्रम एवं केशव वेद विद्यालय के वेदपाठी छात्रों ने हवन में आहुति दे कर विश्व कल्याण की कामना करते हुए संस्कृत सप्ताह को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु प्रार्थना की। इसके पश्चात संस्कृत भाषा के प्रति जनसाधारण में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से वृन्दावन अटल्ला चौराहा स्थित श्री राम मंदिर से परिक्रमा मार्ग स्थित सोहम् आश्रम तक संस्कृत जागरुकता शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं ने जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम्,ग्रहे ग्रहे संस्कृत भाषा,कंठे कंठे संस्कृत भाषा के नारों से नगर को गुंजायमान कर दिया। स्थानीय लोगों ने जगह जगह शोभायात्रा पर भारी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन धर्मसभा के साथ सोहम् आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी सत्यानंद जी महाराज की अध्यक्षता में किया गया। धर्मसभा में स्वामी गौरवानन्द जी महाराज,रघुनाथ दास जी महाराज, स्वामी महेशानंद जी महाराज स्वामी रामानंद जी महाराज भागवताचार्य रामविलास चतुवेर्दी, डा धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, डा गौरव गौतम, गंगाधर अरोड़ा, प्रधानाचार्य डा रविन्द्र शर्मा, सुधाकर द्विवेदी, विपुल आदि ने विचार व्यक्त करते हुए संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने व युवाओं में संस्कृत भाषा प्रति आकर्षण पैदा करने के उद्देश्य से जन जन में संस्कृत भाषा के प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रचार प्रमुख रामदास चतुवेर्दी शास्त्री ने किया धर्मसभा के प्रारंभ में केशव वेद विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रवीन्द्र शर्मा एवं आचार्य सुधाकर द्विवेदी ने वैदिक व पौराणिक मंगलाचरण किया। हरस्वरूप यादव ने कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र से किया।



## 40 लाख से बनेगी पंचवटी की सड़क, पार्षद ने किया शुभारंभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वार्ड 36 जयसिंहपुरा की पंचवटी कॉलोनी के वाशिंदों को आवागमन अब सुलभ हो सकेगा। ऊबड़ खाबड़ हो रही सड़क का विधि विधान से नारियल फोड़कर पार्षद/कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया ने शुभारंभ किया। बुधवार को पंचवटी में सड़क का शुभारंभ करने पहुंचे पार्षद/कैबिनेट सदस्य राकेश भाटिया का स्थानीय लोगों ने माला और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद विधि विधान से गिरधारी लाल पंडित ने पूजा अर्चना करवाई। पार्षद ने समाजसेवी राजकुमार गौतम और नरेश एडवोकेट के संग नारियल फोड़कर सड़क का शुभारंभ किया। पार्षद ने बताया कि करीब 40 लाख रुपये से इस सड़क और नालियों का निर्माण किया जाएगा। ऊबड़ खाबड़ हो चुकी इस सड़क के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी राहत मिल सकेगी। इस मौके कृष्ण गोपाल सारस्वत, मुरारी ठाकुर, राजेंद्र अग्रवाल, आशु खंडेलवाल, ज्ञान नारायण अग्रवाल, राकेश मुंजाल, सनी ठाकुर, सत्यनारायण शर्मा, दाऊदयाल शर्मा, सचिन अग्रवाल, ताराचंद, विपिन गर्ग, अखिल गर्ग, गौरव गौड़ और मोहन लाल पंडित आदि मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी पर भीड नियंत्रण के होंगे पुख्ता इंतजाम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व इस मथुरा में बार भव्य रूप से मनाया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि को पहली बार भव्य ड्रोन शो आयोजित किया जा रहा है। इस शो में करीब 500 ड्रोन शामिल होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की लम्बी श्रृंखला भी होगी। इस बार भीड़ प्रबंधन के लिए इस बार अभेद सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। शहर में 129 स्थानों पर बैरियर, 25 पार्किंग स्थल और 16 वॉच टावर बनाए जाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान और आसपास के क्षेत्रों में भारी भीड़ को देखते हुए प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए बैरियर लगाए जाएंगे। बैरियर के जरिए वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी और जरूरत पड़ने पर मार्गों को तत्काल बंद या डायवर्ट किया जा सकेगा श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए शहर में 25 पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 16 वॉच टावर लगाए जाएंगे। इसके अलावा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी आसमान से निगरानी की जाएगी। यलो और ग्रीन जोन में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की लगातार निगरानी रहेगी। ट्रैफिक प्लान के तहत भारी वाहनों और अनावश्यक यातायात को मुख्य मार्गों से दूर रखा जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी रहे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जन्माष्टमी पर भीड़ नियंत्रण को लेकर पूरा प्लान तैयार है। मगर जन्माष्टमी के दिन पुलिस बल और बढ़ाया जाएगा, ताकि मथुरा पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और श्रीकृष्ण जन्मस्थान समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे।

# 60 वर्ष से अधिक आयु की माताओं को नि:शुल्क बस यात्रा

- लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना का शुभारंभ
- कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने 500 माताओं-बहनों को साड़ी एवं मिठाई दी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का शुभारंभ किया तथा विशेष बसों का फ्लैग-ऑफ किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के बी0एस0ए0 इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में देखा गया। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश , विधायक मेघश्याम सिंह जी, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पूजा गुप्ता सहित जनपद की माताओं एवं बहनों द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया।


कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। मंत्री ने कहा कि 60 आयु पूर्ण करने वाली माताओं को आजीवन उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस में निःशुल्क यात्रा मिली है। कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के उपहार के स्वरूप में 27 अगस्त की सुबह 06 बजे से 29 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक निःशुल्क बस यात्रा की घोषणा की है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि, यहां पर उपस्थित मातृ शक्ति जीता जागता उदाहरण है कि सरकार के केंद्र बिंदु में आधी आबादी है और उनको सशक्त बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार माताओं-बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# प्रशिक्षण ले करें निष्ठा से पशु सेवा: कुलपति

- नव प्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा में नव प्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन दीन दयाल सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत करने के साथ-साथ उन्हें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, संस्थागत मूल्यों, उपलब्ध सुविधाओं, शैक्षणिक अपेक्षाओं तथा अध्ययन के दौरान उपलब्ध विभिन्न अवसरों से परिचित कराना था।

कुलपति डॉ. अभिजीत मित्र ने सभी विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार में स्वागत किया। कहा कि किसी व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन, जिम्मेदारी, करुणा एवं समाज सेवा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक एवं आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता तथा पशुओं, पशुपालकों, समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय में प्रवेश संबंधी प्रक्रियाओं को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं, वित्त अधिकारी तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण की उपस्थिति ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को व्यापक रूप से समझने का अवसर प्रदान किया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न छात्र-केंद्रित सुविधाओं, कल्याणकारी गतिविधियों, सह-पाठ्यक्रम अवसरों तथा छात्र सहायता व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एनएसएस अथवा एनसीसी में से किसी एक गतिविधि से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# जन्मभूमि की मुक्ति से जुड़ा जेन जी, बड़े आंदोलन की तैयारी

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर वृंदावन में हुआ बड़ा कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन (मथुरा)।

- साधु-संत, युवा, नारी शक्ति, किसान, डॉक्टर, अधिवक्ता और सामाजिक-धार्मिक संगठन शामिल




श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में बुधवार को वृंदावन में बड़ा कार्यक्रम हुआ। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर राधाकृष्ण कृपा धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू पक्षकार एवं न्यास अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने जेन जी के युवाओं को मशाल थमाकर न्यास ने अपने आंदोलन को नई दिशा दी। कार्यक्रम में साधु-संतों के साथ युवा, महिलाएं, किसान, चिकित्सक, अधिवक्ता और विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि अब समय है कि जेन जी सनातन धर्म के इतिहास और अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझे तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलन में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जेन जी को मशाल सौंपना केवल प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को इस अभियान से जोड़ने की शुरूआत है।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर अलग-अलग स्तर पर चल रहे प्रयासों को व्यापक जनसहभागिता से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन धर्म के युवाओं के साथ सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, पुरातत्वविद, इतिहासकार, चिकित्सक, सैनिक, किसान, सामाजिक और महिला संगठनों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि जिस स्थल को भगवान श्रीकृष्ण का मूल गर्भगृह स्थल माना जाता है, वहां मंदिर का पुनर्निर्माण होना चाहिए।

उन्होंने युवाओं को वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए भविष्य में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। संत फूलडोल जी महाराज ने हिंदू समाज से अभियान में सहभागी बनने की अपील की। वहीं संत बलराम बाबा ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होकर इस अभियान को उसके परिणाम तक पहुंचाने के लिए प्रयास करना होगा।संत डॉ. आदित्यानंद जी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज अपने अधिकार की मांग कर रहा है और न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। संत पंचगौड़ा दास जी महाराज ने भी युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन संत रामविलास चतुर्वेदी जी और मांडवी राठौर ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान संत कृष्णमुरारी, संत श्यामानंद जी महाराज, कुंवर दामोदर सिंह, आरबी चौधरी, अशोक प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, चंदन सिंह, डीडी चौहान एडवोकेट, रत्नेश मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, पीटीआई धर्मेंद्र यादव, नीलम यादव, सच्ची, वंदना, अंजू, पूर्ति, आकांक्षा, निखिल और सम्राट समेत बड़ी संख्या में साधु-संत, युवा और महिलाएं मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# नुकसान का कौन है जिम्मेदार?

संसद की कार्यवाही एक दिन के लिए अगर स्थगित होती है तो इसके पीछे 9 करोड़ रुपये का घाटा होता है। इस रकम को प्रति घंटे और प्रति मिनट के आधार पर यह प्रति घंटे एक करोड़ पचास लाख यानी डेढ़ करोड़ होती है। यह आंकड़ा इस साल के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में पीठासीन स्पीकर जगदंबिका पाल ने दिया था। साल 2014 से लेकर 2024 के आंकड़ों पर गौर करें तो बार-बार सदन के स्थगित होने की वजह से सरकारी तिजोरी का करीब 3300 करोड़ रुपया पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। संसद के इस तरह से बार-बार ठप होने पर ना सिर्फ जरूरी काम रुकते हैं, बल्कि लोगों के पैसे पर भी असर पड़ता है लोकसभा में कार्यवाही स्थगित करने का अधिकार स्पीकर यानी अध्यक्ष के पास होता है। राज्यसभा में यह अधिकार सभापति की कुर्सी पर बैठे उपराष्ट्रपति या उनकी गैरमौजूदगी में बैठक को संचालित कर रहे उपसभापति या पीठासीन अधिकारी के पास होता है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने का मतलब है कि सदन की बैठक को कुछ समय के लिए या फिर पूरे दिन के लिए रोक दिया जाए। सदन में व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होने पर वह अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। सवाल यह भी है कि क्या विपक्ष जानबूझकर हंगामा करता है? लोकतंत्र में विपक्ष का काम सरकार से जवाब मांगना भी होता है। कई बार विपक्ष की तरफ से चर्चा की मांग, जांच की मांग, मंत्री का बयान, प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति को लेकर विरोध किया जाता है। अगर उसकी मांग स्वीकार नहीं होती तो विरोध तेज हो सकता है। वहीं दूसरी तरफ सरकार का कहना होता है कि चर्चा नियमों के अनुसार होनी चाहिए और बाधा होने से जनता का काम रुकता है। इसलिए हर मामले को राजनीतिक परिस्थितियों के संदर्भ में देखना चाहिए। कई बार विपक्ष आरोप लगाता है कि चर्चा की अनुमति नहीं दी गई, जरूरी मुद्दों पर समय नहीं दिया गया, जवाब नहीं दिया गया। जबकि सरकार का पक्ष होता है कि विपक्ष जानबूझकर कार्यवाही नहीं चलने देता। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस और विपक्षी दल ही संसद में हंगामा करते हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब भी यही हाल था। भाजपा के सांसद संसद में जमकर हंगामा करके संसद को ठप्प कर देते थे। सारे दल इस लिहाज से एक जैसे नजर आते हैं। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि संसद में अरबों रुपए बर्बाद करके जो हंगामा किया जाता है, वह देश के लोगों की भलाई के नाम पर होता है। इससे बेहतर तो यही है कि इस धन राशि को सीधे विकास कार्यों में खर्च किया जाता। लगता यही है कि किसी को इस तरह की बबार्दी का अफसोस नहीं है। देश के लोग इस मामले में लाचार बने हुए हैं। किसे दोषी ठहाराएं और किसी सही, लेकिन इतना जरूर है कि यह नौबत देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और आम लोगों के हित में नहीं है। संसद के चलने में करोड़ों के इस खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा अर्थात करीब 35 से 40 प्रतिशत खर्च इन्हीं सांसदों के वेतन, भत्तों और सुविधाओं पर होता है जो संसद में खड़े होकर चीखते हैं, हंगामा बरपाते हैं, बिलों को पेश तक नहीं होने दे रहे। इन सांसदों को एक लाख रुपये मासिक वेतन, 70 हजार रुपये निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, 60 हजार रुपये कार्यालय और सहायक खर्च दिया जाता है। इसके अलावा दिल्ली आने पर प्रतिदिन 2 हजार रुपये का विशेष भत्ता और यात्रा सुविधाएं भी मिलती हैं। संसद सचिवालय के हजारों कर्मचारियों पर करीब 25 से 30 प्रतिशत खर्च होता है। इसमें प्रशासनिक अधिकारी, रिपोर्टर, ट्रांसलेटर्स, रिसर्च स्टाफ, स्टेनोग्राफर, मार्शल, डेटा एंट्री ऑपरेटर और सफाई कर्मचारियों का वेतन शामिल है। करीब 20 प्रतिशत खर्च संसद की हाई-टेक व्यवस्थाओं पर होता है। बिजली-पानी, संसद टीवी की लाइव ब्रॉडकास्टिंग, हाई-एंड रिकॉर्डिंग सिस्टम, डिजिटल वोटिंग पैनल, साथ में इनका खाना-पीना और रोज छपने वाले सैकड़ों विधायी दस्तावेजों की लागत इसी में आता है। 10 से 15 प्रतिशत खर्च संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर होता है। दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ, संसद सुरक्षा सेवा, 24 घंटे चलने वाला सीसीटीवी नेटवर्क, आधुनिक स्कैनर और बायोमेट्रिक सिस्टम, ये सब तब भी चलते रहते हैं जब सदन में काम ठप हो जाता है। मतलब देश के खजाने के खर्च का मीटर लगातार घूमता रहता है।


## वन्देमातरम् को लेकर संग्राम क्यों?

वन्दे मातरम् को राजनीति के अखाड़े से निकालकर राष्ट्रचेतना के केंद्र में स्थापित करने की आवश्यकता है। इसे कांग्रेस बनाम भाजपा का विषय बनाना भी गलत है और हिन्दू बनाम मुस्लिम का विषय बनाना भी। यह भारत की स्वतंत्रता यात्रा का अमूल्य अध्याय है। कांग्रेस को अपने राजनीतिक उत्थान से आगे बढ़कर देश के उत्थान के बारे में सोचना चाहिए। वन्दे मातरम् किसी दल की संपत्ति नहीं, भारत की राष्ट्रीय विरासत है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पूछें जब इसके शब्दों में मातृभूमि के प्रति वंदन है, इसके इतिहास में स्वतंत्रता का संघर्ष है और इसकी स्मृति में असंख्य देशभक्तों का त्याग है, तब इसे विवाद का नहीं, संवाद का विषय बनाया जाना चाहिए। राजनीति अपनी जगह रहे, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर रहे। वन्दे मातरम् केवल गाया न जाए, उसकी भावना को जीवन में उतारा जाए। यही भारत के प्रति सच्ची वंदना होगी। भारत की शक्ति ही उसकी विविधता है। यहां पूजा-पद्धतियां अलग हो सकती हैं, भाषाएं अलग हो सकती हैं, पर मातृभूमि के प्रति सम्मान का भाव साझा हो सकता है। इसलिए वन्दे मातरम् को हिन्दू बनाम मुस्लिम विवाद में बदल देना उसके ऐतिहासिक और राष्ट्रीय स्वरूप को छोटा करना है।कांग्रेस के लिए भी यह आत्ममंथन का समय है। यदि 1937 के निर्णय को आज भी राजनीतिक ढाल बनाया जाएगा, तो यह प्रश्न उठेगा कि क्या स्वतंत्र भारत की परिस्थितियों में भी वही दृष्टिकोण अपरिवर्तित रहना चाहिए? और यदि कांग्रेस स्वयं वन्दे मातरम् के इतिहास की भागीदार रही है, तो उसे इस गीत को लेकर अस्पष्टता के बजाय स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टिकोण सामने रखना चाहिए। इसी प्रकार सत्ता पक्ष को भी यह ध्यान रखना होगा कि राष्ट्रभक्ति किसी पर थोपी जाने वाली भावना नहीं है। राष्ट्रगीत का सम्मान बढ़े, उसके इतिहास को नई पीढ़ी जाने और उसके प्रति स्वाभाविक श्रद्धा विकसित हो, यह अधिक स्थायी रास्ता है। कानून और राजनीतिक आह्वान अपनी जगह हैं, लेकिन राष्ट्रभाव अंततः मन से पैदा होता है।

-अनाम

# नेहरू ने जिसे बोला था भाई वो निभाता रहा दुश्मनी, मगर अब 'दोस्त' बन कर दिल्ली आ रहा है!

"देखा जाये तो भारत और चीन के बीच संबंध किसी सामान्य कूटनीतिक उतार-चढ़ाव का परिणाम नहीं हैं। दोनों देशों के बीच अविश्वास की जड़ें गहरी हैं और इसका सबसे बड़ा कारण है चीन का सीमा पर लगातार आक्रामक रवैया। 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों को लगभग सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया था। इस संघर्ष में 20 भारतीय जवान शहीद हुए, जबकि चीन को भी बड़ा सैन्य नुकसान हुआ। इसके बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी छअउ पर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक भारी सैन्य तनाव बना रहा।



नीरज कुमार दुबे

नेहरू ने जिस चीन को कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ गले लगाया था, उसने भारत के साथ दोस्ती से ज्यादा दुश्मनी निभाई। 1962 की धोखाधड़ी से लेकर गलवान की खूनी झड़प तक, सीमा पर तनाव, घुसपैठ और सामरिक दबाव, बीजिंग का ट्रैक रिकॉर्ड भारत के सामने साफ है। लेकिन अब वही चीन दोस्ती, स्थिरता और सहयोग की भाषा बोलते हुए दिल्ली आने की तैयारी कर रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अगले महीने नई दिल्ली में होने वाले इफ्क्रर शिखर सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है। यहां सवाल यह है कि क्या चीन वास्तव में रिश्ते सुधारना चाहता है, या बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत के साथ सामरिक समीकरण को अपने हित में ढालना चाहता है?

भारतीय सूत्रों के अनुसार, चीनी अधिकारी होटल, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रा से जुड़े प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। हालांकि शी जिनपिंग की यात्रा योजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संभावित द्विपक्षीय बैठक का एजेंडा अभी अंतिम रूप नहीं ले पाया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भी फिलहाल यात्रा की औपचारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन इतना जरूर कहा है कि चीन इफ्क्रर सहयोग को बहुत महत्व देता है और भारत की अध्यक्षता में होने वाले इस वर्ष के इफ्क्रर शिखर सम्मेलन की सफलता का समर्थन करता है। यानी संदेश साफ है कि बीजिंग अभी अंतिम घोषणा से बच रहा है, लेकिन दिल्ली की दिशा में उसकी कूटनीतिक गतिविधियां तेज हैं।

देखा जाये तो भारत और चीन के बीच संबंध किसी सामान्य कूटनीतिक उतार-चढ़ाव का परिणाम नहीं हैं। दोनों देशों के बीच अविश्वास की जड़ें गहरी हैं और इसका सबसे बड़ा कारण है चीन का सीमा पर लगातार आक्रामक रवैया। 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों को लगभग सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया था। इस संघर्ष में 20 भारतीय जवान शहीद हुए, जबकि चीन को भी बड़ा सैन्य नुकसान हुआ। इसके बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी छअउ पर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक भारी सैन्य तनाव बना रहा। हजारों सैनिक, भारी हथियार, तोपखाना और सैन्य ढांचा सीमा के संवेदनशील इलाकों में तैनात रहा। आखिरकार अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच डिसइंगेजमेंट समझौते के बाद तनाव कम करने की दिशा में प्रगति हुई। लेकिन सीमा विवाद खत्म नहीं हुआ है। सैन्य गतिरोध के कुछ मोर्चे शांत जरूर हुए हैं, मगर मूल विवाद अब भी जस का तस है। यही कारण है कि चीन की मौजूदा ह्यदोस्तीह्न को केवल उसके शब्दों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार से परखा जाएगा।

उधर, शी जिनपिंग की संभावित यात्रा से पहले भारत और चीन के बीच उच्चस्तरीय कूटनीतिक संपर्क तेज हो गए हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधि अजित डोभाल बीजिंग में हैं। 25 अगस्त को डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के साथ-साथ आर्थिक, राजनीतिक और बहुपक्षीय मंचों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के 25वें दौर में भी हिस्सा लिया। इन वाताओं में केवल सीमा विवाद ही नहीं, बल्कि द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

यहां भारत की रणनीति को समझना बेहद जरूरी है। दिल्ली ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत-चीन संबंधों को केवल व्यापार, BRICS या बहुपक्षीय सहयोग के सहारे सामान्य नहीं बनाया जा सकता। सीमा पर शांति और स्थिरता ही व्यापक रिश्तों की बुनियाद होगी। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत अब 1962 से पहले वाली उस कूटनीतिक भूल को दोहराने के मूड में नहीं दिखता, जिसमें राजनीतिक दोस्ती के नारों के बीच सामरिक खतरे को नजरअंदाज कर दिया गया था।

वहीं शी जिनपिंग के साथ संभावित रूप से 400 अधिकारियों का आना महज प्रोटोकॉल की बात नहीं है। इतना बड़ा प्रतिनिधिमंडल इस बात का संकेत है कि चीन इस यात्रा को केवल एक औपचारिक BRICS सम्मेलन के रूप में नहीं देख रहा। इसमें कई स्तरों पर बातचीत की संभावनाएं हो सकती हैं। मसलन अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, सीमा प्रबंधन, बहुपक्षीय सहयोग और वैश्विक रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। चीन संभवतः यह भी देखना चाहता है कि भारत के साथ संबंधों में कितनी तेजी से सामान्यीकरण संभव है और किन क्षेत्रों में दोनों देश प्रतिस्पर्धा के बावजूद सहयोग कर सकते हैं। लेकिन यही भारत के लिए सबसे बड़ी सावधानी का विषय भी है। चीन के साथ संबंधों की सबसे बड़ी चुनौती यह रही है कि बीजिंग अक्सर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की कोशिश करता है, जबकि सीमा विवाद को अलग खांचे में रखने की बात करता है। भारत अब इस दृष्टिकोण को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं दिखता। गलवान के बाद नई दिल्ली की सोच साफ है कि जब सीमा पर बंदूकें तनी हों, तब बाकी रिश्तों में सामान्यता का दिखावा लंबे समय तक नहीं चल सकता।

साथ ही शी जिनपिंग की संभावित दिल्ली यात्रा को केवल भारत-चीन द्विपक्षीय रिश्तों के चश्मे से देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके पीछे वैश्विक शक्ति संतुलन की बड़ी राजनीति भी है। देखा जाये तो इफ्क्रर आज केवल एक आर्थिक मंच नहीं रह गया है। यह उस उभरती विश्व व्यवस्था का प्रतीक बन रहा है जिसमें अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभुत्व को चुनौती देने वाली शक्तियां अपनी भूमिका मजबूत करना चाहती हैं। चीन के लिए भारत की अहमियत कई कारणों से बढ़ी है। भारत ग्लोबल साउथ की एक प्रमुख आवाज है, दुनिया की सबसे तेजी से उभरती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और हिंद-प्रशांत से लेकर पश्चिम एशिया, रूस और अमेरिका तक जटिल कूटनीतिक संतुलन बनाए हुए है।नेहरू के दौर में चीन को ह्यभाईह्न मानने की राजनीति का अंत 1962 की कड़वी हकीकत के साथ हुआ था। गलवान ने यह याद दिलाया कि इतिहास के सबक भुलाए नहीं जा सकते। अब अगर वही चीन दोस्ती का हाथ लेकर दिल्ली आता है तो भारत को हाथ मिलाने से परहेज नहीं करना चाहिए, लेकिन हाथ मिलाते समय अपनी सीमा, अपनी सुरक्षा और अपनी सामरिक शक्ति पर पकड़ ढीली नहीं पड़नी चाहिए। दिल्ली की नई चीन नीति शायद इसी एक वाक्य में समेटी जा सकती है कि बातचीत होगी, व्यापार भी होगा, सहयोग भी होगा; लेकिन भरोसा अब शब्दों पर नहीं, जमीन पर चीन के व्यवहार से तय होगा।

# खबरों की दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौती

प्रो.संजय द्विवेदी

मीडिया की दुनिया के लिए यह सबसे कठिन समय है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने सब कुछ हिलाकर रख दिया है। अगले पांच वर्षों में न्यूज रुम का चेहरा बदलने के संकल्प के साथ इस नए ज्ञान क्षेत्र ने जितने कम समय में अपनी उपयोगिता बनाई है, वह चकित करने वाली है। जिस दौर में समूचा मीडिया विश्वसनीयता और प्रामणिकता के संकट से जूझ रहा है, ऐसे समय में एआई के लिए मीडिया समूहों का उत्साह और उसकी स्वीकार्यता वास्तव में आश्चर्य में डालने वाली है।

युद्ध और राजनीतिक भाषणों के फर्जी वीडियो और आडियो वायरल हो जाना अब नई बात नहीं रही। पिछले चुनाव में भी कई दिवंगत नेताओं के वीडियो चले जिसमें वे अपनी पार्टी के वोट की अपीलें कर रहे हैं। जनमत को प्रभावित करने के लिए ऐसे प्रयास चरम पर हैं, जिनकी विश्वसनीयता शून्य है। 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की एक रिर्पोट में एआई जनित गलत सूचनाओं को दुनिया के बड़े खतरों में बताया गया है। आज दुनिया और देश के अनेक बड़े मीडिया हाउस आधिकारिक तौर पर एआई का उपयोग डेटा विश्लेषण और अनुवाद के लिए कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि कई हजार पेज के डेटा का आंकलन -विश्लेषण सामान्य मनुष्य के लिए कई महीनों का काम है जिसे एआई के टूल्स मिनटों में संभव कर रहे हैं। बावजूद इसके अनेक मीडिया आउटलेट्स एआई से खबरें या विश्लेषण लिखवाकर हंसी के पात्र बन रहे हैं। ऐसे में संशोधन, सुधार और मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त सामग्री से कचरा तो बढ़ ही रहा है, विश्वनीयता के नए संकट सामने हैं। बड़े भाषा माडल (एलएलएम) कभी पूरी तरह से काल्पनिक आंकड़े, अदालत के फैसला और ऐतिहासिक घटनाएं गढ़ते हुए दिखते हैं। जिसे सामान्य पाठक सच समझ बैठता है। तकनीकी विशेषज्ञ इसे हैलुसिनेशन कह रहे हैं। जिसका सीधा आशय यह है कि जिन चीजों के सटीक जवाब एआई के पास नहीं होते वह उनके मनगढंत उत्तर प्रस्तुत कर देता है। सजग संपादक और संपादकीय दृष्टि के अभाव में यह सामग्री कई तरह से संकट पैदा कर सकती है।

सच और झूठ का फासला बहुत कम हो गया है। खबरों का सत्यापन पत्रकारिता की पहली शर्त है। लेकिन होड़ और दौड़ में वह धूमिल हो रही है। सामान्य से लगते कामों में एआई का उपयोग तो किया जा रहा है किया भी जाना चाहिए। किंतु किसी खोजी रिपोर्ट के लिए जमीनी स्तर पर जाकर काम करना, कागजात की जांच करना पत्रकारों की ही जिम्मेदारी है। तकनीक पर अति निर्भरता के समय में हमें उसके गंभीर खतरों का भी भान होना चाहिए। मैदानी पत्रकारिता में मिट्टी की जो खुशबू है वह मैदान में उतरे बिना प्रामणिक और भरोसेमंद नहीं हो सकती। मानवीय संस्पर्श और संवेदना किसी खबर का वितान बड़ा कर सकती है। जाहिर तौर पर पत्रकारिता की निर्भरता पूरी तरह एआई टूल्स पर संभव नहीं है। पत्रकारिता जहां निष्पक्षता, समाज के हित-सद्भाव, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चिंतन को प्राथमिकता देती है, वहीं एल्गोरिदम का पूर्वाग्रह संभव है। अतः इसे समझने की जरुरत है। एआई माडल उसी डेटा से सीखते हैं जो उपलब्ध है। ऐसे में उपलब्ध डेटा अगर किसी प्रकार के पूर्वाग्रह से ग्रस्त है तो एआई भी उसी प्रकार के परिणाम देगा। कई शोध बताते हैं कि पश्चिमी मानकों पर ट्रेंड एआई माडल अक्सर विकासशील देशों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों पर गलत संदर्भ प्रस्तुत करते हैं।

### आसानी से अर्जित नहीं होता भरोसा-

भरोसा या विश्वास वह शब्द है जिसे प्राप्त करना आसान नहीं है। आप भले एआई का उपयोग करें किंतु जैसे ही आप यह लिखते हैं कि 'खबर एआई द्वारा बनी है और इसे मानव संपादक के द्वारा देख लिया गया है।' पाठक का भरोसा एआई जनित खबर पर तुरंत कम हो जाता है। पाठक वास्तविक पत्रकारों और लेखकों द्वारा लिखी गई सामग्री को ज्यादा भरोसेमंद मानते हैं। कोई भी अखबार या मीडिया हाउस सालों-साल में यह प्रतिष्ठा अर्जित करता है। उसे एआई के नए माध्यम तुरंत समाप्त कर सकते हैं। दूसरी ओर कापीराइट और बौद्धिक संपदा से जुड़े संकट भी सामने खड़े हैं। कई प्रमुख मीडिया संगठन इस बात पर आपत्ति कर रहे हैं तो कई ने बिना अनुमति और बिना भुगतान उनकी सामग्री के उपयोग के लिए एआई कंपनियों पर मुकदमे भी किए थे। ऐसे में तमाम ऐसे विवाद अभी भी एआई के साथ जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि इंटरनेट पर हजारों की संख्या में ऐसी वेबसाइट्स तैर रही हैं जो केवल विज्ञापन से पैसे कमाने के लिए झूठ का व्यापार कर रही हैं। वे हर पल एआई से झूठी खबरें गढ़ते हुए पोस्ट करती रहती हैं। मीडिया वाचडाग न्यूज गार्ड ने ऐसे तमाम अविश्वसनीय वेबसाइटों की पहचान की है। ऐसे में सच और झूठ के बीच मीडिया के सत्यान्वेषण का धर्म सहम कर रह जाता है। हम सब मानते हैं संपादकीय विवेक का कभी कोई विकल्प नहीं हो सकता। इस दौर में भी यह एक सच्चाई है। नैतिक विवेक और समाज की गहरी समझ के बिना किया गया कोई भी संवाद या संचार संकट ही खड़ा करेगा।

### मुख्यधारा के मीडिया की ओर लौटना होगा-

सारी तकनीकी क्रांति के बाद भी मुख्यधारा के मीडिया का वजूद बचा रहेगा क्योंकि एआई जनित भ्रमों, फर्जी खबरों की बाढ़ के बीच हमें सत्यापित जानकारी की ओर लौटना ही है। ऐसे में ह्यप्रिंट इज डेडह्न जैसी अवधारणाओं के बीच भी मुख्यधारा का मीडिया अपनी विशेषताओं के कारण, संपादकीय गुणवत्ता के कारण बना और बचा रहेगा। सत्य आसानी से नहीं मिलता, इसे समाज भी स्वीकारेगा। इसके साथ ही प्रामणिक और भरोसेमंद मंचों की ओर लौटना ही होगा। क्योंकि यहां प्रामणिक मंच केवल खबरों का व्यापार नहीं कर रहे होगें बल्कि वे अपनी खबरों के सच होने के गारंटी भी देगें। जाहिर है पारंपरिक मीडिया के लिए वह दिन बहुत खास होगा। डीपफेक और एल्गोरिदम के समय में अब चुनौती ही असली और सही खबर पाना है। क्या वो आपके पास है?

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 28 अगस्त 2026 शुक्रवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह कन्या तुला और कुंभ राशि के जातकों का मानसिक मनोबल आध्यात्मिक प्रभाव और भाग्य का संबल बहुत उत्तम रहेगा। शुक्रवार का दिन आद्यशक्ति मां लक्ष्मी तथा वैभव के कारक शुक्र देव की आराधना के लिए अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। आज के दिन श्वेत पुष्प मिश्री तथा खीर अर्पित कर श्री सूक्त का पाठ करने से जीवन में असीम ऐश्वर्य भौतिक सुख समृद्धि और संपत्ति में स्थायी वृद्धि प्राप्त होती है।

### मेष

आज आपके आत्मविश्वास में अप्रत्याशित वृद्धि होगी जिसके बल पर आप कठिन से कठिन व्यावसायिक कार्य को भी सुगमता से पूर्ण कर लेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिलेगा और आय के नए स्रोत विकसित होंगे। मां लक्ष्मी को मखाने की खीर अर्पित करें जिससे आपके सभी वित्तीय मार्ग प्रशस्त होंगे।

### वृष

आज आपको अपने क्रोध और वाणी पर संयम रखने की विशेष आवश्यकता है अन्यथा बनते हुए काम अंतिम समय में बिगड़ सकते हैं। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से बचें और निवेश से जुड़े किसी भी दस्तावेज को भली भांति पढ़कर ही हस्ताक्षर करें। किसी छोटी कन्या को मीठी वस्तु भेंट करें जिससे आपके सभी कष्ट दूर होंगे।

### मिथुन

आज कला साहित्य और मीडिया क्षेत्र से जुड़े जातकों को विशेष ख्याति प्राप्त होगी और नए संपर्क से व्यापार में बड़ा लाभ होगा। मित्रों के साथ कहीं सुखद यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है जो मन को प्रसन्नता और नई ऊर्जा प्रदान करेगा। मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाएं जिससे आपके यश और कीर्ति में निरंतर विस्तार होगा।





### कर्क

आज आपके पारिवारिक वातावरण में अपार सौहार्द और खुशहाली बनी रहेगी जिससे मानसिक शांति का अनुभव होगा। लंबे समय से अटका हुआ कोई महत्वपूर्ण कार्य आज अचानक पूरा होने से बड़ा आर्थिक लाभ संभव है। किसी जरूरतमंद महिला को वस्त्र दान करें जिससे घर में सुख और समृद्धि का वास होगा।

### सिंह

आज आपको कार्यस्थल पर अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि वे आपकी प्रगति में बाधा डाल सकते हैं। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और दिनचर्या में योग तथा ध्यान को अवश्य शामिल करें। मंदिर में सफेद चंदन का दान करें जिससे आपका मानसिक तनाव पूर्णतः समाप्त होगा।

### कन्या

आज व्यापारिक दृष्टिकोण से दिन अत्यंत शुभ रहने वाला है और नए व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होने के प्रबल योग निर्मित हो रहे हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा में मनोवांछित सफलता मिलेगी जिससे परिवार का नाम रोशन होगा। श्री सूक्त का पाठ करें जिससे आपके जीवन में धन और वैभव की प्राप्ति होगी।

### तुला

आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है परंतु संध्या काल तक उसका बहुत सुखद परिणाम भी प्राप्त हो जाएगा। वाहन चलाते समय पूर्ण सावधानी बरतें और अनचाही यात्राओं से परहेज करें। किसी निर्धन व्यक्ति को अन्न का दान करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार खुलेंगे।

### वृश्चिक

आज आपका पराक्रम और निर्णय लेने की क्षमता चरम पर रहेगी जिससे व्यापार में पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान निकलेगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी और किसी सुखद योजना पर सहमति बनेगी। मां लक्ष्मी के समक्ष कपूर का दीपक जलाएं जिससे आपकी सभी बाधाएं समाप्त होंगी।

### धनु

आज धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रिय भागीदारी रहेगी जिससे समाज में आपका सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ होगी और पुराने दिए गए कर्ज की वसूली संभव होगी। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे आपकी बौद्धिक क्षमता और विवेक में वृद्धि होगी।

### मकर

आज नौकरीपेशा लोगों के स्थानांतरण या पदोन्नति से जुड़ी कोई शुभ सूचना मिल सकती है जिससे मन अत्यंत प्रफुल्लित रहेगा। संपत्ति से जुड़े पुराने विवाद आपसी सहमति से सुलझ जाएंगे। पक्षियों को बाजरा डालें जिससे आपके व्यापार और करियर में आने वाली रुकावटें दूर होंगी।

### कुंभ

आज किसी व्यावसायिक साझेदार के साथ अनबन होने की संभावना है इसलिए बातचीत में विनम्रता बनाए रखें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें अन्यथा आपका बजट बिगड़ सकता है। मां सरस्वती की पूजा करें जिससे आपकी वाणी में प्रभाव और निर्णय क्षमता में प्रखरता आएगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ और प्रगतिदायक सिद्ध होगा और अचानक धन लाभ के मजबूत योग बनेंगे। अध्ययन और शोध कार्य में लगे लोगों को विशेष सफलता मिलेगी। गाय को हरा चारा अथवा गुड़ खिलाएं जिससे आपके घर में शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शुक्रवार के दिन भवन के ईशान कोण अथवा मुख्य द्वार को स्वच्छ रखकर वहां गुलाब जल मिश्रित जल का छिड़काव करने तथा देसी घी का दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है तथा महालक्ष्मी की कृपा से घर में अखंड धन धान्य और सुख शांति का स्थायी वास होता है।

# अब क से कबूतर नहीं... कंप्यूटर के की-बोर्ड पर नाचती हैं अंगुलियां

टीएनएफ टुडे, आगरा।

- पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौरा ने नवाचारों से बनाई अपनी नई पहचान
- विज्ञान प्रयोगशाला में पदार्थों की भौतिक, जैविक और रासायनिक क्रियाओं पर करते हैं शोध

विकास खंड शमसाबाद के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौरा (कम्पोजिट) में पीएम श्री योजना के अंतर्गत शिक्षा को आधुनिक, अनुभवात्मक, गतिविधि आधारित एवं कौशलपरक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सत्र 2024-25 में पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित होने के बाद विद्यालय में शैक्षिक, डिजिटल, वैज्ञानिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

विद्यालय में आधुनिक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला स्थापित की गई। जिसमें 11 कंप्यूटर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी कंप्यूटर के मूलभूत ज्ञान के साथ डिजिटल संसाधनों, ऑनलाइन अध्ययन एवं डिजिटल शैक्षिक सामग्री के उपयोग से परिचित हो रहे हैं। इसके साथ ही विद्यालय में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की गई है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पुस्तकों एवं विभिन्न शैक्षिक सामग्रियों तक पहुंच मिल रही है। इससे बच्चों में पठन की आदत, जिज्ञासा और पाठ्यपुस्तकों से आगे सीखने की प्रवृत्ति विकसित हो रही है।

विज्ञान को केवल किताबों तक सीमित न रखते हुए विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रयोग करके सीखने का अवसर दिया जा रहा है। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों एवं अवधारणाओं को प्रयोगों के माध्यम से समझते हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष से बाहर सीखने के अवसर देने के लिए शैक्षिक भ्रमण भी कराए गए हैं। विद्यार्थियों ने एडीआरडीई



(डीआरडीओ), आगरा किला और ताजमहल जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इन भ्रमणों के माध्यम से बच्चों को विज्ञान, तकनीक, इतिहास और भारतीय विरासत को वास्तविक परिवेश में समझने का अवसर मिला। बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन कर उन्हें आत्मरक्षा के आवश्यक कौशल प्रदान किए जाते हैं। मीना मंच एवं मीना मेला के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा, समानता, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे विषयों पर जागरूकता विकसित की जाती है। प्रत्येक वर्ष खेल दिवस पर कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, गोला फेंक, कुश्ती तथा 100, 200 और 400 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होती हैं। विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में गोला फेंक, चक्का फेंक एवं कुश्ती में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल, परियोजना, चार्ट और प्रयोग तैयार करते हैं। कला, हस्तकला, कविता, कहानी, भाषण, निबंध लेखन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करने के अवसर दिए जाते हैं।

विद्यालय में योग, शारीरिक व्यायाम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, हरित विद्यालय गतिविधियां, पौधारोपण, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियां भी कराई जाती हैं। कौशल आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्थानीय संसाधनों, कला, शिल्प और जीवनोपयोगी कौशलों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव विद्यालय के नामांकन पर भी दिखाई दे रहा है। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौरा में आधुनिक तकनीक, विज्ञान, खेल, कला, संस्कृति, कौशल एवं अनुभवात्मक अधिगम को एक साथ जोड़कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# विकास कार्यों की जांच में अनियमितता का आरोप, जिलाधिकारी से पुनः जांच की मांग

टीएनएफ टुडे, करहल।

ग्राम पंचायत गम्भीरा में वर्तमान प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच को लेकर एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। शिकायतकर्ता आशुतोष कुमार तिवारी पुत्र राधामोहन तिवारी निवासी ग्राम गम्भीरा, तहसील व थाना करहल ने जिलाधिकारी मैनपुरी को प्रार्थना पत्र देकर विकास कार्यों की निष्पक्ष एवं मौके पर जाकर दोबारा जांच कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, ग्राम पंचायत में वर्तमान प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच के लिए पूर्व में जिलाधिकारी कार्यालय के पत्रांक संख्या 1238 दिनांक 23 जून 2026 के माध्यम से जांच टीम गठित की गई थी। जांच टीम में जांच अधिकारी के साथ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया था।

शिकायतकर्ता का कहना है कि करीब एक माह पूर्व उसे डीपीआरओ कार्यालय से फोन पर



बताया गया था कि ग्राम पंचायत गम्भीरा में विकास कार्यों की जांच के लिए टीम गठित की गई है और जांच अधिकारी मौके पर जांच करने जाएंगे।

आशुतोष तिवारी ने आरोप लगाया कि 19 अगस्त को जांच टीम मौके पर पहुंची और कुछ विकास कार्यों की जांच की गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने ग्राम पंचायत सचिव गौरव यादव से कार्यों से संबंधित रजिस्टर और विकास कार्यों की फाइलें मांगीं, लेकिन संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। आरोप है कि जांच के दौरान सीसी निर्माण, पशुबाड़ा और जॉब कार्ड समेत कुछ कार्यों से संबंधित धनराशि के खर्च की जांच भी पूरी तरह नहीं की गई।

शिकायतकर्ता ने पत्र में आरोप लगाया है कि जिन कार्यों की जांच मौके पर नहीं की गई, उनके संबंध में भी जांच पूरी होने की बात कही जा रही है। उसका कहना है कि कुछ दिनों का समय देने के बाद जांच अधिकारी द्वारा उन्हीं कार्यों को शिकायत का मुद्दा बताकर निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि धरातल पर सीसी निर्माण और पशुबाड़ा आदि कार्य कराए गए हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी कथित तौर पर प्रधान और सचिव को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उसने कहा कि जांच टीम द्वारा मौके पर जाकर प्रत्येक विकास कार्य का भौतिक सत्यापन किया जाए और अभिलेखों के साथ मिलान किया जाए। जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।



## रक्षाबंधन पर मातृशक्ति को निशुल्क बस यात्रा की सौगात

**मैनपुरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के अंतर्गत रक्षाबंधन के पावन पर्व पर माताओं, बहनों एवं बेटियों के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की समस्त बसों में एक सहयात्री सहित निशुल्क यात्रा सुविधा का शुभारंभ किया गया। बुधवार को जनपद मैनपुरी के राज मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया। इस अवसर पर मातृशक्ति को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में महिलाओं ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की इस पहल से रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों और बेटियों को अपने मायके एवं परिवार तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। ह्वालोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजनाह्व के तहत निशुल्क बस यात्रा की सुविधा महिलाओं के लिए रक्षाबंधन के पर्व पर सरकार की ओर से विशेष सौगात के रूप में दी गई है।

## बाह के 10 गांवों को पक्का रास्ता भी नहीं

**बाह।** यमुना, चंबल और उटंगन के बीहड़ क्षेत्र में ऊंट की पीठ की शक्ल में स्थित बाह विधानसभा क्षेत्र में आजादी के 80 साल बाद भी मूलभूत सुविधाएं नसीब न होने पर जन प्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए सपा ने एक पखवाड़े बाद जन आंदोलन का ऐलान किया है। सपा के जिला उपाध्यक्ष एवं बाह विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुधीर दुबे ने प्रेसवार्ता में कहा कि सुंसार, गुढ़ा, बुढ़ेरा, चौरंगाबीहड़, रामकुआ, क्योरी बीच का पुरा, बरेंडा, कछियारा, डगोरा गांव को पक्का रास्ता नसीब नहीं हो सका है। बारिश के मौसम में गर्भवती, बीमार एवं स्कूल के बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है। तहसील के 2 दर्जन से ज्यादा गांवों की गलियों में उफनाए तालाबों का पानी भरा है, मच्छर पनपे हैं, पानी की निकासी हो, कीटनाशक का छिड़काव हो। बारिश से हुई पशु एवं घरों की हानि का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। यूरिया और डीएपी की किल्लत से किसान जूझ रहे हैं। कालाबाजारी और समितियों पर अनियमित वितरण की शिकायतों का संज्ञान लेकर कार्यवाही होनी चाहिए। बाजरा खरीद केन्द्रों पर हुए भ्रष्टाचार और घोटाले की जांच हो, दोषियों पर कार्यवाही हो। भ्रष्ट अधिकारियों को हटा कर किसानों को फसल का उचित दाम दिलाने का प्रबंध हो। एक पखवाड़े में समस्याओं का समाधान न होने पर जन विरोधी सरकार एवं गूंगे, बहरे प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतर कर सपा जन आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा, हरीशंकर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, आदित्यवेंद्र मिर्जा, मोनू अहीर, आलोक यादव, गौरीशंकर खैर, मंजेश यादव, डॉ. सुरेश यादव, महेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गलियों में ही नहीं, खेतों में भी भरा पानी

**बाह।** जैतपुर और बाह क्षेत्र में मंगलवार को भी बारिश नहीं थमी। क्षेत्र के 150 गांवों में गलियों ही नहीं, बाजरा और तिल के खेतों में भी बारिश का पानी भर गया है। भाकियू नेता मोनू शर्मा ने बताया कि नयेपुरा, उदयपुर कला, पुरा तेजसिंह के तालाबों का पानी गलियों और घरों तक भर गया है। पानी के साथ बह रहे सांप-बिच्छू के हमले के खतरे ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। धर्मवीर, रमेश, सुरेश ने बताया कि धनियापुरा, फरैरा, चोबई के तालाबों का पानी भी बस्ती की गलियों में बह रहा है। हादसे का खतरा बढ़ गया है। जलमग्न रास्ते का पानी पुरा तेजसिंह के किसान बैजनाथ सिंह के बाजरा के खेत में भरने से फसल गलने लगी है। जरार के जोधाराम, पुरषोत्तम सिंह ने बताया कि खेतों में पानी भरने से बाजरा की फसल सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। पत्ते पीले पड़ने लगे हैं। नरहोली के किसान भूपेन्द्र सिंह चौहान, कनेरा के विजय सिंह, गिरजेश सिंह, बिजौली के बाबूराम, रतन सिंह ने बताया कि बारिश के चलते तिल की फसल गलने लगी है। डंठल सूखने लगे हैं। बारिश नहीं थमी तो फसल नष्ट होने का खतरा बढ़ जाएगा। बाजरा और तिल की फसल में नुकसान के अंदेशे ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। लागत और मेहनत पर बारिश पानी फेर रही है।

# सामूहिक प्रयासों से बदल रहा नौनिहालों का भविष्य

## प्राथमिक विद्यालय कुर्राचित्तरपुर- । अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विकास खंड शमसाबाद के प्राथमिक विद्यालय कुरीचित्तरपुर-। में बीते समय में शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और विद्यालय के वातावरण में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। विद्यालय में किए गए विभिन्न विकास कार्यों के चलते अब बच्चों को पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो रही है।

विद्यालय में बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, प्रत्येक कक्षा में विद्युत एवं पंखों की सुविधा तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। विद्यालय परिसर को बेहतर बनाने के लिए इंटरलॉकिंग टाइल्स, रंगाई-पुताई तथा दीवारों पर शिक्षण सामग्री का कार्य भी कराया गया है। इन प्रयासों से विद्यालय का वातावरण अधिक आकर्षक और बच्चों के





अनुकूल बना है।

विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय में लगभग 80 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों द्वारा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का प्रभावी उपयोग कर शिक्षण कार्य को अधिक रुचिकर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

विद्यालय के विकास में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि नवीन विद्यालय भवन का निर्माण है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 29 फरवरी 2024 को खंड शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विद्यालय भवन की नींव रखी गई। इसके बाद विद्यालय भवन के निर्माण को लेकर निरंतर प्रयास किए गए। 7 जनवरी 2026 से भवन निर्माण का कार्य गति के साथ आगे बढ़ा और लगभग छह माह में भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया। नवीन भवन के निर्माण के साथ विद्यालय में रंगाई-पुताई, दीवारों पर आवश्यक साज-सज्जा का कार्य भी पूरा कराया गया। भवन पूर्ण होने के बाद जुलाई 2026 में विद्यालय का संचालन नए परिसर में प्रारंभ किया गया। विद्यालय के कायाकल्प में खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकगण एवं ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय निर्माण एवं विकास कार्यों में ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सामूहिक सहभागिता के कारण विद्यालय को बेहतर स्वरूप देने का कार्य सफलता पूर्वक पूरा हो सका। सुविधाओं में सुधार के साथ विद्यालय में छात्र संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। विद्यालय प्रशासन का उद्देश्य केवल भवन और सुविधाओं का विकास करना नहीं, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण और सीखने के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

# युवती ने पीछा करने और धमकी देने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

टीएनएफ टुडे, करहल।



थाना करहल क्षेत्र में एक युवती ने एक युवक पर लगातार पीछा करने, वाहन के आगे-पीछे घूमने, छेड़छाड़ का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अभिलेख के अनुसार करहल थाने में दर्ज प्राथमिकी में युवती ने बताया कि वह नगला रते की रहने वाली है और पीताम्बर मार्केट में कोचिंग चलाती है।

आरोप है कि इसी दौरान आरोपी युवक रिंकू पुत्र शिवराम सिंह, निवासी नगला दिवक करहल, पिछले कुछ समय से उसे परेशान कर रहा है। युवती का आरोप है कि 10 अगस्त 2026 से युवक लगातार उसका पीछा कर रहा है। वह उसकी गाड़ी के आगे-पीछे चलता है और उसे छूने का प्रयास भी करता है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि युवक द्वारा उसे धमकियां भी दी जा रही हैं तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। लगातार परेशान किए जाने से परेशान होकर युवती ने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 तथा 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अमित कुमार को सौंपी गई है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। विवेचना के दौरान आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित साक्ष्य जुटाए जाएंगे। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन पर कब्जे को लेकर दिया ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना निबोहरा क्षेत्र के ग्राम भोगपुरा बाग में किसान की भूमि पर दबंगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे और निर्माण कार्य के विरोध में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल थाना निबोहरा पहुंचा। तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार गौतम से मुलाकात कर मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया कि थाना क्षेत्र के गांव भोगपुरा बाग निवासी किसान सुरेशचन्द्र पुत्र गुलाब सिंह की भूमि पर क्षेत्र के दबंग जबरन अवैध निर्माण करा रहे हैं। शिकायत मिलने पर प्रभारी निरीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे स्वयं मौके की जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। भाकियू पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते पीड़ित किसान की जमीन को कब्जामुक्त नहीं कराया गया और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो थाना निबोहरा का घेराव किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि प्रभारी निरीक्षक ने स्वयं जांच करने के लिए आश्वासन दिया है। इस दौरान गोविंद सैंथिया, रामलाल वर्मा, भारत सिंह वर्मा सहित आदि किसान मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक निबोहरा ब्रजेश कुमार गौतम से बात करने पर बताया कि मामला जमीन का है जिसमें लेखपाल व तहसील प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा पुलिस का जमीन के मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं है।

# नई दिल्ली में गूंजी आगरा की सांस्कृतिक विरासत

## अजय कुमार शर्मा ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित 21 दिवसीय 518वें अनुस्थापन कोर्स में आगरा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की शानदार प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। यह कार्यक्रम सेंटर फॉर कल्चरल रिसोर्सेज एंड ट्रेनिंग द्वारा 4 से 25 अगस्त तक आयोजित किया गया। इसमें देश के 16 राज्यों से आए 115 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

आगरा जनपद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोडा कम्पोजिट, पिनाहट में कार्यरत शिक्षक अजय कुमार शर्मा ने उत्तर प्रदेश से आए पांच अन्य साथी शिक्षकों के साथ प्रदेश और विशेष रूप से आगरा की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान विश्व प्रसिद्ध ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रमुखता से दर्शाया गया। तीनों स्मारक यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं। इनके माध्यम से आगरा की गौरवशाली ऐतिहासिक पहचान और स्थापत्य




कला को देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के समक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण में अजय कुमार शर्मा एवं उनके साथियों ने उत्तर भारत की प्रसिद्ध नौटंकी कला तथा ब्रज क्षेत्र की पारंपरिक और प्रसिद्ध लट्ठमार होली की मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। इस प्रस्तुति में उत्तर प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली।

अजय कुमार शर्मा ने उत्तर प्रदेश एवं आगरा का प्रतिनिधित्व करते हुए इतिहास, कला, स्थापत्य और सांस्कृतिक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। 16 राज्यों के प्रतिभागियों की सहभागिता वाले इस आयोजन में आगरा की तीनों विश्व धरोहरों के साथ-साथ नौटंकी और लट्ठमार होली के माध्यम से उत्तर प्रदेश की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करना गौरव का विषय रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी उपनिदेशक डॉ. संदीप शर्मा एवं अतिथि उपनिदेशक अनुभव सिंह द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अजय कुमार शर्मा की इस उपलब्धि से आगरा और उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ।

# शंकरपुर घाट यमुना पुल पर बने गड्ढे

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

शंकरपुर घाट यमुना नदी पर बने पुल के ऊपर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग के द्वारा पुल की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद-फिरोजाबाद मार्ग पर शंकरपुर घाट यमुना नदी पर पक्का



पुल बना हुआ है जिसके ऊपर कई जगह गड्ढे हो गए हैं यह गड्ढे एक जगह नहीं है अधिकांश आधे से ज्यादा पुल पर गड्ढे हैं जिनमें बरसात का पानी भरा हुआ है जहां वाहन चालकों को अंदाजा नहीं रहता है कि जिस जगह पानी भरा हुआ गड्ढा है यह गड्ढे पुल के बीचों-बीच भी है जहां यमुना नदी है अगर कोई वाहन गड्ढे में चले जाने के कारण अनियंत्रित हुआ तो वह यमुना नदी में गिर सकता है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जहां स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बाइक सवार व ऑटो चालक इन गड्ढों की वजह से हादसों का शिकार होते हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जहां स्थानीय लोगों का कहना है इन गड्ढों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अगर बाइक गड्ढे में जाती है तो बाइक सवार पुल से नीचे भी गिर सकता है। वहीं लोगों का कहना है कि रात को अंधेरे में अगर गड्ढे में कोई वाहन चला गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का वांछित आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 29 जुलाई को खाना खाने के लिए अपने घर गया था और अपनी बेटी को दुकान पर छोड़ गया था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया और किशोरी से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान आरोपी आनंद पुत्र दर्शन लाल निवासी पलिया, थाना फतेहाबाद को सिकरारा मोड़ आगरा रोड से दबोच लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर पूर्व में भी पोक्सो एक्ट और मारपीट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक शिवानी मलिक, गौरव देशवाल आदि रहे।

# मातृशक्ति को सम्मान की सौगात, 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा शुरू

## अहिल्याबाई के आदर्शों से मातृशक्ति सशक्तिकरण की ओर कदम, बुजुर्ग महिलाओं को मिलेगी मुफ्त बस सेवा रक्षाबंधन पर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

मातृशक्ति के सम्मान, स्वावलंबन और सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति निःशुल्क बस यात्रा योजनाह्न के तहत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को प्रदेश की रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना का शुभारंभ प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 29 अगस्त के बाद प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में किराया नहीं लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश की महिलाएं अपना मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड दिखाकर प्रदेश के भीतर कहीं भी निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का नाम महिला स्वावलंबन, न्याय और जनकल्याण के क्षेत्र में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्हीं की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए



### रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों-बेटियों को भी निःशुल्क यात्रा

कार्यक्रम में रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही दूसरी महत्वपूर्ण सौगात की भी जानकारी दी गई। 27 अगस्त की शाम से 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक प्रदेश की रोडवेज बसों में माताओं, बहनों एवं बेटियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बहनों को रक्षाबंधन पर्व पर अपने मायके जाने और परिवार के साथ पर्व मनाने में आवागमन की सुविधा मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर दयालु ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले वर्ष रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा देकर सरकार ने उन्हें विशेष उपहार दिया था। इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर निःशुल्क यात्रा की सुविधा देकर सरकार ने मातृशक्ति के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है, उस घर में लक्ष्मी का वास होता है।

यह योजना मातृशक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बेटी की शिक्षा से लेकर रोजगार, उद्यमिता, सुरक्षा और सम्मान तक अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। महिला पुलिस बटालियन, पिंक बूथ जैसी व्यवस्थाओं के साथ महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही 50 हजार बेटियों को स्कूटी देने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा मातृशक्ति के सम्मान के साथ-साथ उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में सराहनीय पहल है। रक्षाबंधन पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपने मायके और परिजनों तक पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों से प्रेरित यह योजना महिलाओं को सम्मान, सुविधा और आत्मविश्वास प्रदान करेगी।

- माताओं-बहनों-बेटियों को निःशुल्क बस यात्रा, 60+ महिलाओं के लिए स्थायी सुविधा
- मातृशक्ति को सम्मान, निःशुल्क बस यात्रा की सौगात
- कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग की ओर से उपस्थित प्रत्येक महिला को सम्मान स्वरूप साड़ी एवं मिष्ठान भेंट किया गया। महिलाओं ने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा और रक्षाबंधन पर मायके जाने वाली बहनों के लिए यह सुविधा बड़ी सौगात है।

इस अवसर पर सांसद सतीश कुमार गौतम, एमएलसी मानवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण पाल सिंह, मेयर प्रशांत सिंघल, मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम सत्येंद्र कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी केके राय, सहायक निदेशक संदीप कुमार, एआरएम सहित अन्य अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोलियां की तड़तड़ाहट से गूंजा नगला गंजी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिले नयागांव थाना क्षेत्र और फरुर्खाबाद बार्डर के थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में तीन दर्जन से अधिक राउंड गोली चली, हवाई फायरिंग की गई।घटना की सूचना मिलने पर नया गांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने एक पक्ष की लिखित शिकायत के आधार पर 8 नामजदों के विरुद्ध नयागांव थाना पुलिस ने मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घटना से जुड़ा एक सात मिनट छ सेकेंड का वीडियो सामने आया है। लगातार रुक रुक कर तीन दर्जन राउंड फायरिंग की गई, वीडियो में कुछ लोग नाजायज असलहों का खुला प्रदर्शन करते नजर आ रहे है।घटना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। नयागांव थाना पुलिस ने वीरसिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी नगला गंजी की लिखित शिकायत के आधार पर विमलेश पुत्र शिव सिंह, अखिलेश पुत्र शिवसिंह, शीलेश पुत्र शिवसिंह, केशव पुत्र वीरभान, संजीव पुत्र वीरभान, राजीव पुत्र वीरभान, सर्वेश पुत्र कोतवाल, शिव सिंह पुत्र कोतवाल के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि नामजद लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिसके चलते ओमकार पुत्र विशुदयाल, वीरसिंह पुत्र रामस्वरूप, राहुल पुत्र ओमकार को चोट आई आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।

दअरसल बीते 18 अगस्त को



मुन्नी देवी पत्नी वीरसिंह की लिखित शिकायत पर नयागांव थाना पुलिस ने 12 नामजदों के विरोध में सरकारी पटिया उखाड़ फेंकने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। धारा 24 के तहत आवेदन के आधार पर गाटा संख्या 830/0.089 भूमि पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा चिन्हांकन किया गया और 20 जून को पैमाईश कर पटिया गाड़ने की कार्यवाही की गई थी। आरोप है कि राजीव पुत्र वीरभान, मंजू पुत्र वीरभान, ममता पत्नी केशव, केशव पुत्र वीरभान, संजीव पुत्र वीरभान, शिव सिंह पुत्र कोतवाल, विमलेश पुत्र शिवसिंह, अखिलेश पुत्र शिव सिंह, शीलेश पुत्र शिव सिंह, सुजाता पत्नी विमलेश, सरोज पत्नी शिव सिंह, सर्वेश पुत्र कोतवाल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई ।

सोमवार की देर शाम एक बार फिर दोनों पक्षों आमने सामने आ गए और जमकर ताबड़तोड़ फायरिंग की दर्जनों राउंड गोली चली।

एक पक्ष के विमलेश जो कि दोनों मुकद्दमा में आरोपी है उन्होंने बताया कि हमारा जमीन का विवाद है, हमारे चकरोड और पट्टा की

- जमीनी विवाद में चली गोलियां, एक पक्ष की लिखित शिकायत पर आठ नामजदों पर मारपीट की रिपोर्ट
- पूर्व में पटिया तोड़ने के आरोप में एक दर्जन लोगों पर दर्ज की जा चुकी है एफआईआर
- दोनों पक्षों के मध्य फायरिंग का वीडियो आया सामने, 7 मिनट छ सेकेंड में तीन दर्जन राउंड फायर

जमीन को गलत पैमाईश की गई और अवैध रूप से कब्जा करवा दिया और पटिया गढ़वा दी।

21 जुलाई को कोर्ट ने स्थगन आदेश किया और 22 को कब्जा करवा दिया गया। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। हम लोग एटा गए हुए थे, दूसरे पक्ष के लोगों ने स्वयं पटिया उखाड़ दी।हम लोगों को लौटते वक्त गाली गलौज की और फायरिंग की।

मामले पर उपजिलाधिकारी अलीगंज डॉ. शशिशेखर ने जानकारी देते हुए बताया प्रकरण संज्ञान में है, विवादित जमीन से जुड़े दोनों पक्षों को बुला कर पत्रावलियां जांच कर कानून के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मामले पर क्षेत्राधिकारी अलीगंज राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया को दो अलग अलग वीडियो सामने आए हैं। जमीनी विवाद है। वीडियो की जांच की जा रही है। फरुर्खाबाद थाना क्षेत्र का वीडियो बताया जा रहा है। जांच कर कानून के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# भव्य विधानसभा भवन में दिखी नए उत्तर प्रदेश की विकास गाथा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

लखनऊ स्थित विधानसभा भवन का भ्रमण भव्यता, स्थापत्य सौंदर्य और आधुनिक तकनीक के अद्भुत संगम का अनुभव रहा। विशाल एवं आकर्षक विधानसभा परिसर की गरिमा देखते ही बनती है। योगी सरकार द्वारा प्रदेश में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर भी यहां प्रभावशाली ढंग से देखने को मिली।

भ्रमण के दौरान विधानसभा में स्थापित 3-डी तकनीक के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा। हेलीकॉप्टर के दृष्टिकोण से लखनऊ, मथुरा के पवित्र मंदिरों, अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर, माता कौशल्या द्वारा सीता को मुंह दिखाई में दिए गए कनक भवन, दशरथ महल

- थ्री-डी तकनीक के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन रहा प्रेरणादायी

तथा सरयू नदी के विहंगम दृश्य ने मन मोह लिया।

अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर स्थापित 14 टन वजनी और 40 मीटर लंबी आकर्षक वीणा की भव्यता भी 3-डी प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत हो उठी। इसी क्रम में महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और प्रयागराज के कुंभ की झलक ने प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

विधानसभा भ्रमण केवल एक भवन को देखने का अवसर नहीं, बल्कि विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिक तकनीक के माध्यम से नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर देखने का अनूठा अनुभव रह।

# अलीगढ़ में स्पा सेंटर की आड़ में देहव्यापार का धंधा?

**अलीगढ़** । थाना क्वार्सी क्षेत्र के नगला ताड़ स्थित एप्पल स्पा सेंटर को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं।

आरोप है कि स्पा सेंटर की आड़ में देहव्यापार का धंधा चलाया जा रहा था और मसाज के नाम पर अनैतिक गतिविधियों को कथित तौर पर बढ़ावा दिया जा रहा था।

मामले से जुड़े वीडियो सामने आने के बाद स्पा सेंटर की गतिविधियां सवालों के घेरे में हैं

बाहर मसाज सेंटर का बोर्ड... लेकिन अंदर कथित तौर पर चल रहा था काला खेल? आखिर बंद दरवाजों के पीछे क्या हो रहा था

हालांकि, स्पा सेंटर पर लगाए गए इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है आरोपों की वास्तविकता पुलिस जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

अब सवाल यही है—क्या जांच में सामने आए आरोप सही साबित होंगे, या फिर इस पूरे मामले की कहानी कुछ और निकलेगी।

# नवागत मंडलायुक्त ओम प्रकाश आर्य ने संभाला कार्यभार

## पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों पर रहेगा विशेष जोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

नवागत मंडलायुक्त ओम प्रकाश आर्य ने मंगलवार को अलीगढ़ मंडल के मंडलायुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कमिश्नरी सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उन्होंने अपनी प्रशासनिक प्राथमिकताओं और मंडल के विकास को लेकर अपनी कार्ययोजना साझा की।

मंडलायुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद में करीब छह वर्षों तक सेवाएं देने के बाद उन्हें अलीगढ़ मंडल के मंडलायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने दो जिलों में जिलाधिकारी और दो अन्य जिलों में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है।

इसके अतिरिक्त लखनऊ, मेरठ, नोएडा और मथुरा में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे

- लापरवाही पर चेतावनी के बाद भी सुधार न होने पर होगी कठोर कार्रवाई

चुके हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की है।

नवागत मंडलायुक्त ने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य विकास कार्यों को केवल कागजों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनका प्रत्यक्ष और स्थायी लाभ आमजन तक पहुंचाना है। इसके लिए अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित समीक्षा और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः

अपनी प्राथमिकताओं के संबंध में मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की नीतियों, कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जिस नीयत और उद्देश्य से लागू किया जाता है, उसी भावना के साथ



उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि मंडल में विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जाएंगे। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं टीम भावना के साथ विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा कराने पर जोर रहेगा।

मंडलायुक्त ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसे किसी एक अधिकारी के प्रयास से नहीं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से गति दी जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की।

### लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

नवागत मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कार्यों में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी एवं लापरवाह अधिकारियों को पहले अपनी कार्यप्रणाली में सुधार का अवसर और चेतावनी दी जाएगी, लेकिन इसके बाद भी यदि सुधार नहीं दिखाई देता है तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने में वह पीछे नहीं हटेंगे।

### जलभराव, यातायात और विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा

प्रेस वार्ता के दौरान मंडलायुक्त से अलीगढ़ में पर्यटन विकास एवं रोजगार की संभावनाओं, शहर में जलभराव की समस्या, राजस्व परिषद द्वारा जारी विभिन्न निर्णयों एवं निदेशों के जिला और तहसील स्तर पर अनुपालन, बड़ी विकास परियोजनाओं के निर्माण के बाद उनका वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचाने, विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और मानकों के अनुपालन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने शहर के विभिन्न मार्गों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और क्वार्सी रजवाहे को अतिक्रमण मुक्त कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी ली। मंडलायुक्त ने संकेत दिया कि जनहित से जुड़े इन विषयों पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

# सिविल कोर्ट के बाहर ड्रामा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

कोर्ट के बाहर रिश्तों का हाई वोल्टेज ड्रामा पति-पत्नी और दोनों परिवार आमने-सामने... देखते ही देखते सड़क पर शुरू हो गई मारपीट, और अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर सास-बहू और साले-बहनोई के बीच मारपीट होती दिखाई दे रही है।

बताया जा रहा है कि विवाद उस समय बढ़ गया, जब पत्नी ने अपने पति पर मासूम बच्चे को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश करने का आरोप लगाया

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया

मारपीट के दौरान बच्चे के घायल होने की बात भी सामने आई है घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है।

हालांकि, वायरल वीडियो और दोनों पक्षों की ओर से लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पूरे मामले की वास्तविक स्थिति पुलिस जांच और दोनों पक्षों के बयान के बाद ही स्पष्ट होगी। कोर्ट के बाहर कानून की दहलीज पर ही रिश्तों की मयार्दा तार-तार... अब सवाल है कि इस पारिवारिक विवाद का आखिर समाधान कब निकलेगा

# विदाई के दौरान संगीता सिंह हुयीं, भावुक

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

मंगलवार को अलीगढ़ मंडल की मंडलायुक्त रहीं संगीता सिंह को आयुक्त सभागार में कमिश्नरी परिवार, मंडल के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं कमिश्नरी बार एसोसिएशन की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों, सहज एवं विनम्र व्यवहार और प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह अपनी नवीन तैनाती वाले मंडल मुरादाबाद के लिए रवाना हो गईं।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह ने कहा कि अलीगढ़ मंडल में मंडलायुक्त के रूप में उन्होंने एक वर्ष सात माह का कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ उनके लिए कभी पूरी तरह अपरिचित नहीं रहा, क्योंकि उनकी दादी इसी जिले के चकाथल की थीं। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में नई जिम्मेदारी और नए परिवेश के कारण थोड़ी असहजता अवश्य महसूस हुई, लेकिन बाद में सब कुछ भगवान श्रीकृष्ण पर छोड़कर पूरी निष्ठा से कार्य किया। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से उन्हें अपने पूरे कार्यकाल में परम संतोष मिला।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने साथ कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर पूरा भरोसा किया और सभी ने उस भरोसे को कायम रखा। अलीगढ़ में कार्य करते हुए उन्हें ऐसे अनुभव और स्मृतियां मिलीं, जिन्हें वह हमेशा अपने साथ लेकर जाएंगी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि अपनी तैनाती के दौरान वह एक फोटोग्राफर और लेखिका भी बन जाएंगी। उन्होंने बताया कि उनकी दो पुस्तकें अभी पाइपलाइन में हैं और अलीगढ़ मंडल से मिली यादों को भी वह अपनी आगामी रचनात्मक यात्रा का हिस्सा बनाएंगी।

अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार ने कहा कि मंडलायुक्त की विदाई हर्ष और विषाद का मिश्रित अवसर है। एक ओर साथी अधिकारी के स्थानांतरण का भावुक क्षण है, तो दूसरी ओर यह संतोष भी है कि उन्हें प्रदेश के एक महत्वपूर्ण मंडल मुरादाबाद में नई जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि संगीता सिंह के व्यवहार में सहजता और विनम्रता, कार्यशैली में अनुशासन एवं विपरीत परिस्थितियों में ठोस एवं त्वरित निर्णय लेने की अद्वितीय क्षमता रही।

अपर आयुक्त न्यायिक अखिलेश कुमार ने कहा कि संगीता सिंह ने परंपरागत कार्यशैली से आगे बढ़कर नई सोच के साथ पात्र लाभार्थियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक किस प्रकार प्रभावी ढंग से पहुंचे, यह उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण पक्ष रहा। पोषण पोटली, बाल विकास से जुड़ी योजनाओं, बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन जैसे अभिनव प्रयासों के साथ-साथ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को भी उन्होंने प्राथमिकता दी।

विदाई समारोह के दौरान कमिश्नरी के अधिकारियों-कर्मचारियों और कमिश्नरी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निवर्तमान मंडलायुक्त संगीता सिंह को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की स्मृतियों को साझा करते हुए नवीन तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह का वातावरण आत्मीयता, सम्मान और भावुकता से भरा रहा।

अलीगढ़ मंडल की जिम्मेदारियों से विदा लेते हुए संगीता सिंह अपने साथ यहां के कार्यकाल की यादें और सहकर्मियों का स्नेह लेकर मुरादाबाद मंडल की नई जिम्मेदारी के लिए रवाना हुईं।

मंडलायुक्त संगीता सिंह ने विदाई समारोह में अपने निजी स्टाफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी अधिकारी के कार्यकाल को सफल बनाने में व्यक्तिगत स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पेशकार अरुण कुमार, वैयक्तिक सहायक विकास गंगल और अर्दली जसवंत एवं प्रदीप के समर्पण को विशेष रूप से याद किया।

उन्होंने कहा कि पेशकार अरुण कुमार ने पूरी जिम्मेदारी से न्यायालयीय कार्यों का निर्वहन किया, जबकि उनसे उम्र में काफी छोटे वैयक्तिक सहायक विकास गंगल ने दायित्वों से आगे बढ़कर पिता की तरह उनकी हर छोटी-बड़ी जरूरत का ख्याल रखा। जसवंत और प्रदीप के सहयोग की भी उन्होंने सराहना की। विदाई के बाद जब वह शासकीय वाहन की ओर बढ़ीं तो नजदीक खड़े सूचना फोटोग्राफर विकास भारद्वाज से आत्मीय अंदाज में बोलीं गुरुजी, अब चलते हैं। उनका यह सहज संबोधन भावुक विदाई के बीच आत्मीयता की यादगार तस्वीर छोड़ गया।

### कप्तान ने किये पुलिसकर्मियों के तबादले

**अलीगढ़।** कप्तान नीरज जादौंन जनपद की कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। उन्होने मंगलवार, 25 अगस्त को कई पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए। इस दौरान कई प्रमुख थानों के प्रभारी भी बदले गए हैं। राजीव कुमार को बन्ना देवी से हटाकर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। हरिभान सिंह राठौर को हरदुआगंज से बन्ना देवी थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जोगेंद्र सिंह को हरदुआगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। तबादलों की श्रंखला में बालेन्द्र सिंह को लोधा से गोधा थाना प्रभारी, नरेन्द्र सिंह को गोधा से हटाकर लोधा थाना और कोतवाली के थानाध्यक्ष हेमंत मावी को पालीमुकीमपुर भेजा गया है। कप्तान ने महिला उपनिरीक्षक ज्योति श्रीवास्तव का तबादला किया। उन्हें एएचटी से अतरौली थाने में तैनाती दी गई है। तबादले में दर्जनों उपनिरीक्षकों और मुख्य आरक्षियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पुलिस लाइन और अलग-अलग थानों में तैनात पुलिसकर्मियों का भी स्थानांतरण के साथ-साथ चौकी प्रभारियों को दूसरी चौकियों की जिम्मेदारी मिली है। अकराबाद, गभाना, बन्ना देवी, सिविल लाइन, गांधी पार्क, बरला, गोंडा, गोरई, छर्रा, हरदुआगंज और पालीमुकीमपुर समेत कई थानों में नई तैनाती की गई है। एसएसपी कार्यालय से जारी आदेश में सभी स्थानांतरित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित में पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सासनी गेट क्षेत्र में तिरंगे के अपमान का वीडियो वायरल

**अलीगढ़।** सासनी गेट थाना क्षेत्र में लोधीपुरम की ओर जाते समय तिरंगे के कथित अपमान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। वायरल वीडियो में एक टिर्री चालक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ कथित तौर पर लापरवाही और अपमानजनक व्यवहार करते हुए दिखाई देने का दावा किया जा रहा है।वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, इसलिए उसके सम्मान को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। वहीं, वायरल वीडियो की सत्यता और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन से वीडियो का संज्ञान लेकर पूरे मामले की जांच करने और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।फिलहाल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर चचाओं का दौर जारी है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा अकीदत का सैलाब

## आकर्षक झांकियों ने बढ़ाई जुलूस की रौनक

- ऊंट-घोड़ों पर सवार नौनिहाल बने आकर्षण का केंद्र
- जगह-जगह शर्बत और मिष्ठान से हुआ स्वागत



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, गंजडुंडवारा।

पैगंबर-ए-रहमत हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी अकीदत, उत्साह और भाईचारे के माहौल में धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का आगाज कुंआ जामा मस्जिद से हुआ, जहां नगर पालिका चेयरमैन हाजी मुनव्वर हुसैन ने फीता काटकर जुलूस को रवाना किया।

जुलूस में कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। धार्मिक संदेशों और इस्लामी संस्कृति से जुड़ी सजी-धजी झांकियां जुलूस की शोभा बढ़ा रही थीं। वहीं ऊंट और घोड़ों पर सवार होकर चल रहे बच्चे विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे नौनिहालों को देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगी रही।

जुलूस में बच्चे, युवा और बुजुर्ग नात-ए-पाक पढ़ते हुए तथा नारे-ए-तकबीर की सदाओं के साथ आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत शर्बत, पानी और मिष्ठान का वितरण कर किया। जुलूस के मार्ग को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरा मार्ग रोशन नजर आया। कुंआ जामा मस्जिद की विशेष सजावट भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस के दौरान पूरे मार्ग पर उत्साह और अकीदत का माहौल दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों से जुलूस का स्वागत किया।

आयोजकों और स्थानीय लोगों ने जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया।

## एक दर्जन मुकदमों का आरोपी अजीत तमंचे के साथ दबोचा

टीएनएफ टुडे, कासगंज। सोरों थाना पुलिस ने मंगलवार की देर रात चेकिंग के दौरान गोला कुआं से नगरिया जाने वाले रास्ते से एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त करीब एक दर्जन मुकदमों में वांछित व नामजद रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि देर रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोला कुआं मार्ग पर घेराबंदी कर एक युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान अजीत कुमार पुत्र प्रमोद चौहान निवासी ग्राम नमैनी, थाना कासगंज के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अजीत पर कासगंज व आसपास के थानों में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराए लैपटॉप



- शिक्षा में मिलेगी नई तकनीकी सुविधा
- डीएम ने किया लेप्टटॉफ का वितरण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिले में दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को शैक्षिक उपयोग हेतु लैपटॉप उपलब्ध कराए गए। यह पहल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए उनकी शिक्षा को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कहा कि दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। तकनीकी संसाधनों के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री तक आसानी से पहुंच प्राप्त होगी तथा वे आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपनी शैक्षिक क्षमताओं का बेहतर विकास कर सकेंगे। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत साइटसेवर्स इंडिया के सहयोग से जनपद के कुल 9 दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किए गए। इनमें कक्षा 9 की करीना एवं जैद, कक्षा 10 के राघवेन्द्र, भावना एवं काजल तथा कक्षा 11 की खुशबू, दिव्या भारती, मुस्कान एवं नीरज शामिल हैं। जिलाधिकारी ने लैपटॉप प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इन उपकरणों का सदुपयोग करते हुए अपनी शिक्षा को बेहतर बनाएं और भविष्य में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें।



## पूर्व विधायक देवेंद्र अग्रवाल एवं चौधरी भाजुद्दीन का जोरदार स्वागत

सादाबाद। ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान सादाबाद में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। जुलूस के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक माननीय देवेंद्र अग्रवाल जी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी भाजुद्दीन जी का मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने दोनों नेताओं को फूलों की मालाएं पहनाईं तथा फूल बरसाकर अपना स्नेह एवं सम्मान व्यक्त किया। स्वागत से अभिभूत पूर्व विधायक देवेंद्र अग्रवाल एवं चौधरी भाजुद्दीन ने मुस्लिम समाज के सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द की भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सद्भाव ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और इसे हर परिस्थिति में कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जुलूस के दौरान ह्लसमाजवादी पार्टी जिंदाबादह्व के नारों के बीच माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम आपसी सौहार्द और भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

## सर्प दंश से ग्रामीण की हालत बिगड़ी, जिला अस्पताल में उपचार जारी



सासनी। गांव नगला लोका में मंगलवार देर रात खेत पर जा रहे एक युवक को विषैले सर्प ने दंश मार दिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव नगला लोका निवासी नितिन पुत्र नत्थीलाल मंगलवार देर रात जंगलों के लिए खेत की ओर जा रहा था। बताते हैं कि रास्ते में अंधेरा होने के कारण उसे सर्प दिखाई नहीं दिया। जिससे उसका पैर अचानक सर्प के ऊपर पड गया। वहीं पलटवार करते हुए सर्प ने नितिन के पैर में दंश मार दिया। जिससे उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों ने युवक को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के मुताबिक, समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण युवक की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# बारह वफात का जुलूस चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सासनी।

- चाक-चैबंद सुरक्षा और सुचारु यातायात के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ आयोजन

कस्बा में बारह वफात का जुलूस पुलिस की चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था और पैनी नजर के बीच निकाला गया। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का कोई जाम न लग सके और यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारु बनी रहे, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

बुधवार को निकाल गये जलूस में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ-साथ युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भी भारी संख्या में भाग लिया। इस दौरान पूरा कस्बा धार्मिक नारों और पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शान में पढ़ी जा रही नात व कलाम से गूंज उठा। जुलूस के रास्ते में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने स्वागत करने के साथ-साथ पानी आदि की उचित व्यवस्था की थी। पुलिस-प्रशासन ने हर संवेदनशील स्थान पर भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। पुलिसकर्मी लगातार जुलूस के साथ-साथ चलते रहे और पल-पल की गतिविधि पर नजर बनाए रहे। जुलूस के दौरान मार्ग में यातायात बाधित न हो और आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए कड़े प्रबंध किए थे, जिससे कस्बे के चप्पे-चप्पे पर खाकी का पहरा दिखाई दिया। अधिकारियों की लगातार निगरानी और आयोजकों की ओर से शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील के चलते यह धार्मिक आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# खाद की किल्लत पर किसान सभा ने घेरा ब्लॉक कार्यालय

## एक सप्ताह में मांग पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



धान, बाजरा, मक्का सहित विभिन्न फसलों के लिए यूरिया खाद की भारी आवश्यकता के बावजूद किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद लेने के लिए किसानों को सहकारी समितियों पर सुबह से ही लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में घंटों लाइन में लगने के बाद भी कई किसानों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। वहीं, निजी दुकानों से किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

कुछ किसानों का आरोप था कि धान के बीज में भी मिलावट की गई है जिससे दो तरह की फसल हो गई है इसकी जांच कर किसानों के नुकसान की भरपाई की जाए। इन्हीं समस्याओं को लेकर किसान सभा द्वारा ब्लॉक कासगंज पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने में सैकड़ों किसानों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया और प्रशासन से किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए कॉमरेड बृजलाल भारती, महासचिव, उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। खाद की कमी के कारण किसान परेशान हैं और उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों की खाद संबंधी मांग पूरी नहीं की गई तो किसान सभा बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

किसान नेता सुनील सिंह ने कहा कि सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को घंटों लाइन में खड़े होकर परेशान न होना पड़े। निजी दुकानों पर खाद की बिक्री उचित निर्धारित दर पर सुनिश्चित की जाए तथा खाद की कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

किसान सभा के जिला सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि जिन सहकारी समितियों पर अधिक गांव जुड़े हुए हैं, वहां अलग-अलग दिनों की सूची बनाकर खाद का वितरण किया जाए, जिससे किसानों को सुचारु रूप से खाद मिल सके। धरने को राजकुमार कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष, भारत की जनवादी नौजवान सभा उत्तर प्रदेश तथा किसान सभा के जिला अध्यक्ष भूप सिंह विजय प्रताप सोलंकी, जिला सचिव, भारत की जनवादी नौजवान सभा ने भी संबोधित किया । सालिकराम, गोवर्धन सिंह, चंद्रपाल सहित सैकड़ों किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसान सभा ने प्रशासन से मांग की कि सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए, निजी दुकानों पर उचित दर पर खाद की बिक्री सुनिश्चित की जाए, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। किसान सभा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## तालाब से तस्करी के लिए निकाले गए तीन कछुए बरामद



टीएनएफ टुडे, कासगंज। अमांपुर थाना क्षेत्र के हरथरा गांव में वन विभाग की टीम ने देर रात तालाब से तस्करी के लिए निकाले गए तीन जिंदा कछुए बरामद किए। हालांकि टीम को देखकर कछुआ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भागने में सफल रहे। वन विभाग ने तीनों कछुओं को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर कासगंज पहुंचाया। मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सोमवार देर रात क्षेत्रीय वन अधिकारी कासगंज विवेक कुमार को सूचना मिली कि हरथरा गांव स्थित एक तालाब से कुछ लोग कछुए निकालकर उनकी खरीद-फरोख्त करने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही वन अधिकारी टीम के साथ करीब रात 11 बजे मौके पर पहुंचे और तालाब की घेराबंदी शुरू कर दी। वन विभाग की टीम को देखकर वहां मौजूद तस्करों में अफरा-तफरी मच गई। तस्कर कछुओं को मौके पर ही छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले। वन विभाग की टीम ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन रात में अंधेरा अधिक होने के कारण किसी भी तस्कर को पकड़ नहीं सकी। तलाशी के दौरान टीम को तीन जिंदा कछुए बरामद हुए, जिन्हें सुरक्षित अपने साथ ले आई। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने घटना की जानकारी अमांपुर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने अज्ञात तस्करों की तलाश और उनके विरुद्ध कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वन क्षेत्र अधिकारी विवेक कुमार ने बताया वन विभाग की टीम को रात में ही भेजा गया ओर पुलिस को सूचित किया गया मौके से तस्कर नहीं मिले तीन कछुओं को हजारा नहर में वन कर्मियों द्वारा स्वच्छ जल में छोड़ा गया।

## बिजली लाइन से टकराया झंडा, करंट से दो युवक झुलसे

टीएनएफ टुडे, कासगंज। जिले के सहावर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत रारा फतेहपुर गांव के पास बुधवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंजडुंडवारा जुलूस में शामिल होने जा रहे दो युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने दोनों झुलसे युवकों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। स्टील की रॉड में लहरा रहे थे झंडा- रारा फतेहपुर गांव निवासी इखलास (25) पुत्र नकी खान और मुस्लिम (30) पुत्र मुकद्दर स्टील की रॉड में इस्लामिक झंडा बांधकर लहराते हुए गंजडुंडवारा जा रहे थे। जैसे ही वे गांव के बाहर पहुंचे, ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से स्टील की रॉड छू गई। तेज स्पार्किंग के साथ ही दोनों युवक करंट की चपेट में आकर सड़क पर गिर पड़े। हादसा देखते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल पास के हाजी रशीदन बेगम अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत स्थिर बताते हुए उन्हें छुट्टी दे दी। ग्रामीणों में रोष, बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप- हादसे के बाद से ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी नीचे लटक रही है। पूर्व में भी कई बार इस तरह के हादसे हो चुके हैं और बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा तारों को ऊंचा नहीं कराया गया। इससे हमेशा किसी बड़े हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## सातवें दिन गूंजा सती चरित्र एवं दक्ष यज्ञ का प्रसंग, भोले बाबा के एक हजार नामों का हुआ संकीर्तन, समाचार नंबर 8

सिकंदराराऊ। कासगंज रोड स्थित समाजसेवी आकाश दीक्षित के ममता फार्म हाउस पर चल रहे भव्य श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास सतगुरु शरण देव महाराज अयोध्याधाम ने श्रद्धालुओं को सती चरित्र एवं दक्ष यज्ञ का विस्तृत प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान भोलेनाथ के एक हजार नामों की माला का संकीर्तन भी किया गया, जिससे पूरा कथा पंडाल हर-हर महादेव के जयकारों और भक्ति रस से गूंज उठा। सातवें दिन कथा का शुभारंभ व्यास पीठ पूजन एवं आरती के साथ हुआ। व्यास पीठ का पूजन सपा नेता धीरज पांडे, धर्मेन्द्र सिंह पीलू ब्लॉक प्रमुख हसायन एवं प्रोअर्थ आयुर्वेद के मालिक गिरजाशंकर शर्मा, कचौरा वाले ने सामूहिक रूप से किया। आयोजक आकाश दीक्षित ने सभी अतिथियों का माला एवं पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कथा व्यास महाराज ने सती चरित्र के माध्यम से भगवान शिव के प्रति भक्ति, समर्पण और श्रद्धा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं होता। दक्ष यज्ञ के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि अहंकार मनुष्य के विनाश का कारण बनता है और भगवान शिव का अपमान करने का परिणाम अत्यंत दुखद होता है। माता सती के त्याग, तपस्या और भगवान शिव के प्रति अटूट समर्पण का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के पश्चात भगवान भोलेनाथ के एक हजार नामों का संकीर्तन कराया गया। श्रद्धालुओं ने एकाग्र भाव से भगवान शिव के नामों का जाप किया और पूरा कथा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय हो उठा। महाराज ने श्रद्धालुओं से भगवान शिव के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा परिवार एवं समाज में प्रेम, सद्भाव, संस्कार और आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि शिव के बताए मार्ग पर चलना और प्रत्येक जीव के प्रति करुणा एवं सम्मान रखना भी सच्ची शिवभक्ति है। कथा पंडाल में सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भजनों, संकीर्तन और भगवान शिव के जयकारों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना रहा।

# 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को आजीवन नि:शुल्क बस यात्रा

- रक्षाबंधन पर माताओं-बहनों-बेटियों को सहयात्री सहित 27 से 29 अगस्त तक नि:शुल्क बस यात्रा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजनाह्ल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष बसों को फ्लैग ऑफ किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में देखा गया।

विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि रक्षाबंधन से पूर्व प्रदेश की माताओं और बहनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बड़ा उपहार दिया है। ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजनाह्ल के तहत प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को परिवहन निगम की साधारण बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब बुजुर्ग माताएं बिना यात्रा व्यय की चिंता किए तीर्थाटन करने तथा अपने परिजनों से मिलने के लिए निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बहनों एवं बेटियों को एक सहयात्री सहित परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। यह सुविधा 27 अगस्त को प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के साथ-साथ उनकी हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनप्रतिनिधियों एवं डीएम प्रणय सिंह ने 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

## मेले के कार्यक्रमों में कटौती की योजना पर साहित्यिक क्षेत्र में चिंता

हाथरस। शहर में प्रस्तावित मेले के कार्यक्रमों में कटौती किए जाने की चर्चा को लेकर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में चिंता है। आशु कवि अनिल बौहरे ने प्रशासन से मेले की परंपरा और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों में कटौती न किए जाने की मांग की है।

अनिल बौहरे ने कहा कि शहर का मेला केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं से जुड़ा आयोजन है। ऐसे में मेले के करीब 60 प्रतिशत कार्यक्रम समाप्त किए जाने तथा मेले की अवधि 15 दिवस किए जाने की योजना से इसकी मूल भावना प्रभावित हो सकती है।

# कागजों में बालिका शिक्षा की चिंता, जमीन पर राह तकता भवन

- लाखों की लागत से बना भवन खंडहर और पार्किंग में हो रहा इस्तेमाल
- हाईस्कूल के बाद बेटियों को बदलना पड़ रहा विद्यालय

उदित विजयवर्गीय



टीएनएफ टुडे, गंजडुंडवारा। कस्बे के सुदामापुरी रोड स्थित नगर पालिका कन्या पाठशाला की लाखों रुपये की लागत से तैयार इमारत कई वर्षों से इंटरमीडिएट तक की मान्यता का इंतजार कर रही है। छात्राओं की पढ़ाई के लिए तैयार किए गए इस भवन में इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं होने के कारण क्षेत्र की बेटियों को हाईस्कूल के बाद आगे की शिक्षा के लिए दूसरे विद्यालयों का रुख करना पड़ रहा है।

वैसे करीब एक वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने विद्यालय का निरीक्षण कर छात्राओं और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी थीं। उन्होंने बालिका शिक्षा के हित में विद्यालय की मान्यता का मुद्दा शासन स्तर पर उठाकर आवश्यक प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय निवासी सुमित का कहना है कि इंटरमीडिएट की मान्यता की मांग वर्षों पुरानी है और इसे कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के सामने उठाया जा चुका है।

वहीं, उपयोग और नियमित रखरखाव के अभाव में लाखों रुपये की लागत से बनी नई इमारत भी धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही है। उनके अनुसार जनप्रतिनिधियो एवं प्रशासन की उपेक्षा के कारण भवन का इस्तेमाल छात्राओं की पढ़ाई के बजाय कबाड़ रखने और पार्किंग के लिए किया जा रहा है। उनका कहना है कि जिस भवन में बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए कक्षाएं संचालित होनी चाहिए थीं, वह उपेक्षा का शिकार है। उन्होने जल्द विद्यालय प्रशासन से इंटरमीडिएट तक मान्यता दिलाने और भवन को शैक्षणिक कार्य के लिए उपयोग में लाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे बेटियों को हाईस्कूल के बाद विद्यालय बदलने से राहत मिलेगी और सरकारी धन से तैयार भवन का भी सही मायने में सदुपयोग हो सके, और सरकारी संसाधन बर्बाद होने के बजाय क्षेत्र की बेटियों के भविष्य को संवारने में काम आ सकें।

# एसपी ने थाना गंजडुण्डवारा व सिढ़पुरा का किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



एसपी ओपी सिंह ने बुधवार को थाना गंजडुण्डवारा व थाना सिढपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय अभिलेख,परिसर एवं पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।अपराध नियंत्रण एवं अभियानों की समीक्षा भी की

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने थाना क्षेत्र में अपराध की स्थिति की समीक्षा करते हुए चिन्हित अपराधियों के भौतिक सत्यापन, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा विभिन्न अभियानों में की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में नियमित गश्त एवं भ्रमण बढ़ाया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चेकिंग की जाए।

महिला एवं बालिका सुरक्षा पर विशेष जोर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गंजडुण्डवारा व सिढ़पुरा पर मिशन शक्ति केंद्र पर ड्यूटीरत महिला पुलिस कर्मियों को महिलाओं एवं बालिकाओं संबंधी शिकायतों पर त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा महिलाओं/बालिकाओं में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना और मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया।

त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता

एसपी ओपी सिंह द्वारा त्यौहारों के दौरान थाना क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने, कस्बा के मुख्य बाजार, मेन चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त व प्रभावी निगरानी रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँच कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।



# विटामिन-डी से भरी ये 5 चीजें खाएं, हड्डियों के कोने-कोने में घुस जाएगा कैल्शियम


## बेशक हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम जरूरी है लेकिन इसे जल्दी पचाने के लिए विटामिन डी भी जरूरी है, सुबह की धूप के अलावा कई खाने की चीजों में यह पोषक तत्व पाया जाता है।

हड्डियों का कमजोर होना आपके पूरे शरीर के लिए खतरे की घंटी है। आपका पूरा शरीर हड्डियों के ढांचे पर टिका हुआ है। हड्डियों में किसी भी तरह कमजोरी आपको मोहताज बना सकती है। यही वजह है कि हड्डियों की देखभाल के लिए हर संभव उपाय करने चाहिए। हड्डियों की सेहत खराब होने से आपको रिकेट्स और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी खतरनाक बीमारियों का खतरा हो सकता है और गुजरते समय के साथ हड्डी टूटने का खतरा बढ़ सकता है। आपकी हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए पर्याप्त कैल्शियम और आपके शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करने के लिए विटामिन-डी की जरूरत होती है। इसका मतलब यह है कि आपको कैल्शियम के अलावा विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों का भी खूब सेवन करना चाहिए।

### रोजाना कितने कैल्शियम की जरूरत होती है?

विटामिन-डी से पहले आपको यह जानना जरूरी है कि हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए आपको रोजाना कितने कैल्शियम की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वयस्कों को एक दिन में 700mg कैल्शियम की आवश्यकता होती है।

### रोजाना कितने विटामिन-डी की जरूरत




वयस्कों को एक दिन में विटामिन-डी की 10 माइक्रोग्राम (400 इंटरनेशनल यूनिट या आईयू) की आवश्यकता होती है। विटामिन डी को खाद्य पदार्थों से प्राप्त करना मुश्किल है इसलिए आप इसे सुबह की धूप से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### अंडे की जर्दी

अंडे प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा विटामिन डी का भी बढ़िया स्रोत है। एक बड़े अंडे की जर्दी 36.7 IU विटामिन डी प्रदान करती है। आप अपने दिन की शुरुआत दो अंडों के साथ कर सकते हैं।

### संतरे का रस

इसके लिए आप फोर्टिफाइड ओरेंज जूस ले सकते हैं जिससे आपको 33.4 IU विटामिन डी मिल सकता है। हालांकि सभी फोर्टिफाइड फूड्स में विटामिन डी की मात्रा उतनी अधिक नहीं होती है, जितनी फिश में होती है।

### गाय का दूध

8-औंस स्किम्ड गाय के दूध के गिलास से आपको 107.5 IU विटामिन डी मिल सकता है जबकि सोया दूध की इतनी ही मात्रा से आपको 97.6IU विटामिन डी मिल सकता है।

### विटामिन डी के लिए खाएं मशरूम

मशरूम उन लोगों के लिए विटामिन डी का सबसे बढ़िया स्रोत है, जो पशु उत्पाद नहीं खाते हैं। बेशक इसमें बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन 100 ग्राम मशरूम (लगभग एक कप) से आपको 8 IU विटामिन डी मिल सकता है।





# संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करता है लिवर, इसे स्वस्थ और मजबूत रखना जरूरी

वर्ल्ड लिवर डे मनाने का उद्देश्य लोगों में लिवर से जुड़े रोगों और देखभाल के उपायों के बारे में जागरूकता फैलना है। दिल, किडनी और फेफड़ों की तरह लिवर भी शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन जब बात इसके स्वास्थ्य की आती है, तो अक्सर इसे अनदेखा कर दिया जाता है। आपको बता दें कि लिवर एक ऐसा अंग है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई तरह के काम करता है। लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा अंग है जिसका काम पाचन, चयापचय, विषाक्त पदार्थों को हटाना, पोषक तत्वों का भंडारण करना है। फिटनेस गुरु एंड होलिस्टिक एक्सपर्ट के अनुसार, लिवर संपूर्ण स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसे स्वस्थ, साफ और मजबूत रखना जरूरी है। गर्मियों के मौसम में मिलने वाली ऐसी कई चीजें हैं, जिन्हें खाने में शामिल करके आप अपने लिवर को नैचुरली साफ और मजबूत बना सकते हैं।

### लिवर को स्वस्थ रखने का घरेलू उपाय- ग्रीन टी



ग्रीन टी से शरीर को अनगिनत फायदे होते हैं। यह एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी का एक बेहतर स्रोत है। वर्ल्ड जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, यह शरीर में फैट को कम करने में मदद कर सकती है।

### लिवर के लिए वरदान है नींबू

नींबू को गर्मियों का तोहफा खा जाता है। इन दिनों शरीर को तरोताजा और स्वस्थ रखने के लिए इससे बेहतर विकल्प कुछ नहीं है। आपको लिवर सही शरीर के सभी अंगों को साफ और स्वस्थ रखने के लिए रोजाना नींबू पानी पीना चाहिए। नींबू विटामिन सी से भरपूर करता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह डिहाइड्रेशन को रोकता है और गर्मी के दिनों शरीर को ठंडा रखता है।

### लिवर को मजबूत बनाते हैं अंगूर



गर्मियों में मीठे और रसीले अंगूर खाना भला कौन पसंद नहीं करता है? अंगूर विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट का पावरहाउस हैं। अंगूर लिवर को डिटॉक्स यानी उसकी गंदगी को साफ करने और सूजन से लड़ने में मदद करते हैं। लिवर की साफ रखने के लिए खाएं दही गर्मियों में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जो पेट के लिए हल्के होते हैं और दही निश्चित रूप से इस सूची में सबसे ऊपर है। यह हल्का, ठंडा होता है और आपको भीतर से पोषित रखने में मदद करता है। दही प्रोबायोटिक्स का बेहतर स्रोत है। कई अध्ययनों के अनुसार, यह लीवर में फैट को कंट्रोल करता है।

### लिवर को स्वस्थ रखेगा लहसुन

लहसुन में एलिसिन और सेलेनियम जैसे यौगिक उच्च मात्रा में होते हैं जो लीवर को किसी भी जहरीले नुकसान से बचाते हैं। रोजाना रात को सोने से पहले लहसुन की दो कलियां लें।

### लिवर को स्वस्थ रखने का उपाय- सहजन

हरी सब्जियों में कई तरह के क्लींजिंग कंपाउंड होते हैं, जो लिवर को नैचुरली रूप से साफ करने में मदद करते हैं। ऐसी ही एक लोकप्रिय हरी सब्जी है सहजन। कई जैव रासायनिक परिणामों से पता चला है कि सहजन में लिवर फाइब्रोसिस के लक्षणों को कम करने की क्षमता होती है।

### लिवर को मजबूत बनाने का नुस्खा-आंवला



आंवला का आयुर्वेद में व्यापक रूप से उपयोग किया गया है जो लिवर के कार्य को समर्थन देता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह लिवर के कामकाज को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच सूखे आंवले के पाउडर को मिलाकर सुबह खाली पेट पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### लिवर को साफ करता है हल्दी

हल्दी एक अद्भुत मसाला है जो लिवर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। यह एंजाइम को बढ़ावा देने में मदद करता है जो शरीर से आहार विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल सकता है। सुबह सबसे पहले एक गिलास गर्म पानी के साथ आधा चम्मच हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च का सेवन करें।





# दांतों का पीलापन छुड़ाकर सफेद करेंगी ये 5 चीजें

मजबूत और सफेद दांत भला कौन नहीं चाहता है। जैसे-जैसे आप बड़े होते हैं, दांत पीले हो जाते हैं। दरअसल चबाने और खाने-पीने के एसिड के संपर्क में आने से दांतों की तामचीनी दूर हो जाती है। तामचीनी उम्र के साथ पतली हो जाती है, जिससे दांत पीले होने लगते हैं। दांतों को सफेद करने के कई इलाज मौजूद हैं लेकिन घरेलू चीजों के जरिए भी पीले दांतों को सफेद मोती जैसे चमकाए जा सकते हैं। खाने-पीने की गलत आदतों और ओरल हाइजीन का ध्यान नहीं रखने की वजह से बहुत से लोगों को दांतों की विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही एक गंभीर समस्या दांतों का पीलापन है। जाहिर है दांतों का पीला होना किसी के लिए भी शर्मिंदगी का कारण बन सकता है। वैसे तो दांतों में चिपका मैल या पीलापन रोजाना ब्रश करने से साफ हो जाता है लेकिन कई बार यह मजबूती से चिपक जाता है, जिसे छुड़ाना आसान नहीं होता है। मजबूत और सफेद दांत भला कौन नहीं चाहता है। जैसे-जैसे आप बड़े होते हैं, दांत पीले हो जाते हैं। दरअसल चबाने और खाने-पीने के एसिड के संपर्क में आने से दांतों की तामचीनी दूर हो जाती है। तामचीनी उम्र के साथ पतली हो जाती है, जिससे दांत पीले होने लगते हैं।

पीले दांतों को सफेद कैसे करें? बेशक दांतों को सफेद करने के कई इलाज मौजूद हैं लेकिन घरेलू चीजों के जरिए भी पीले दांतों को सफेद मोती जैसे चमकाए जा सकते हैं। हम आपको दांतों का पीलापन हटाने के लिए घरेलू उपाय बता रहे हैं, जिनसे आपको डेंटिस्ट के पास जाए बिना दांतों को मजबूत और उनका पीलापन हटाने में मदद मिल सकती है।

### कोको पाउडर

इसके लिए आपको कोको पाउडर और पानी या नारियल का तेल चाहिए। सबसे पहले कोको पाउडर को नारियल के तेल या पानी के साथ मिलाएं। इसका एक पेस्ट बना लें। इस मिश्रण से अपने दांतों को हमेशा की तरह ब्रश करें।

### नीम के पत्ते

इसके लिए आपको नीम के पत्ते और पानी चाहिए। सबसे पहले नीम के पत्तों को पानी के बर्तन में उबालने के लिए रख दें। इसे छान लें ताकि तरल साफ हो जाए। इसे ठंडा होने दें और इस घोल से गरारे करें।

### एप्सम साल्ट


नमक और पानी को बराबर भागों में मिला लें। तब तक हिलाएं जब तक कि नमक पूरी तरह से घुल न जाए। इस मिश्रण को टूथब्रश से अपने दांतों पर लगाएं। आप इससे गरारे भी कर सकते हैं और फिर साफ पानी से अपना मुंह धो लें।

### अदरक और नमक

अदरक के एक छोटे टुकड़े को पीस लें। या इसे कद्दूकस भी किया जा सकता है। 1/4 छोटा चम्मच नमक लेकर अदरक में डाल दें। नींबू का एक टुकड़ा काटें, मिश्रण में रस निचोड़ें और फिर से अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसे टूथब्रश से दांतों पर लगाएं।

### पुदीने के पत्ते और नारियल का तेल

पुदीने के पत्तों को पीसकर नारियल के तेल में मिला लें। अच्छी तरह मिलाएं और इस मिश्रण को टूथब्रश से अपने दांतों पर लगाएं। पुदीने का अधिक प्रयोग न करें, 3-5 पत्ते पर्याप्त हैं।



# ब्लोटिंग और गैस के लिए बासी मुंह चबाएं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के पत्ते

**क्या गर्मियों के मौसम में आपका कम खाने-पीने का मन करता है, क्या आपका इन दिनों आपका पेट हमेशा भरा-भरा और फूला हुआ रहता है, क्या आपको थोड़ा सा खाते ही गैस बनने लगती है? अगर हां, तो पेट से जुड़ी इन समस्याओं के लिए अब आपको दवाएं लेने की जरूरत नहीं है। इन समस्याओं के इलाज के लिए आप अपने आसापास मिलने वाले पुदीने की तरह कुछ औषधीय पत्ते चबा सकते हैं।**

पेट फूलने की समस्या को मेडिकल भाषा में ब्लोटिंग कहते हैं। इसकी वजह से आपको पेट में गैस महसूस हो सकती है और उसके साथ पेट में ऐंठन, दर्द और सूजन महसूस हो सकती है। दरअसल इस स्थिति में पेट में हवा भर जाती है जिससे पेट हमेशा भरा-भरा महसूस होता है। इसकी वजह से आपको कम भूख लगती है या थोड़ा सा खाते ही पेट भर जाता है। देर तक बैठे रहना, पुराना कब्ज कार्बोनेट ड्रिंक्स पीना एक साथ बहुत ज्यादा भोजन करना आदि इसके कारण हो सकते हैं। बेशक यह समस्या इतनी गंभीर नहीं है लेकिन अगर इसका समय से इलाज नहीं किया गया, तो आपको कई घातक समस्याएं हो सकती हैं। ब्लोटिंग और गैस के लिए वैसे तो कई दवाएं उपलब्ध हैं लेकिन कुछ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के पत्ते चबाने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है।

### सौंफ के पत्ते

सौंफ का उपयोग पारंपरिक रूप से पेट दर्द, सूजन, गैस और कब्ज सहित कई पाचन विकारों के लिए किया जाता है। सौंफ के पत्ते चबाने से अल्सर को रोकने और पेट फूलना कम हो सकता है। इन हरे पत्तों में सूजन और कब्ज के लक्षणों को कम करने की क्षमता होती है।

### अजवाइन के पत्ते

जो लोग खाने के बाद लगातार सूजन या भारीपन का अनुभव करते हैं, उनके लिए अजवाइन की पत्तियां बेहतर उपचार हैं। अजवाइन के पत्ते पाचन में सुधार, चयापचय को बढ़ावा देने, अम्लता को दूर करने और गैस से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

### करी पत्ते

खाली पेट करी पत्ते का सेवन विशेष रूप से बेहतर पाचन स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। जब खाली पेट इसका सेवन किया जाता है, तो करी पत्ता पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है और मल त्याग का समर्थन करता है। यह आपको कब्ज से राहत दिलाने में भी मदद कर सकता है।

### पुदीना के पत्ते

पुदीने की हरी पत्तियों के ठंडे और ताज़गी देने वाले गुण सूजन को ठीक करने का सबसे अच्छा उपाय है। पुदीना सूजन और पाचन संबंधी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करता है। इसमें पेट की ऐंठन को कम करने की क्षमता होती है। अगर आपको हमेशा गैस या पेट फूलने की समस्या रहती है, तो आप रोजाना सुबह कुछ पत्ते चबा सकते हैं या फिर पुदीने की चाय पी सकते हैं।

### जामुन के पत्ते

जामुन के पत्तों में पाचन वाले गुण होते हैं और यह सभी पाचन समस्याओं के लिए एक बेहतर औषधि है। इसके एंटी-फ्लैटुलेंट गुण एलिमेंटरी कैनाल में गैस को कम करने में मदद करते हैं, जिससे पेट फूलना, कब्ज और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। इसमें एंटासिड गुण होते हैं जो पेट में अत्यधिक एसिड के निर्माण को रोकते हैं और इस तरह अपच, अल्सर और गैस्ट्राइटिस का इलाज करते हैं।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper


# आखिरी दिन रोमांचक होगा कोलंबो टेस्ट

## श्रीलंका 16 रन से आगे; भारतीय टीम की नजर चार विकेट पर

एजेंसी, कोलंबो।



भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा करने के बेहद करीब पहुंच गई है। चौथे दिन का खेल बारिश और खराब रोशनी के कारण समय से पहले समाप्त हुआ। श्रीलंका ने फॉलोऑन खेलने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट पर 229 रन बना लिए हैं और अब भारत से 16 रन आगे है। स्टंप्स के समय सोनल दिनूषा सात और केशारा नुवांथा तीन रन बनाकर नाबाद थे। भारत ने पहली पारी में 503/9 रन बनाकर पारी घोषित की थी, जिसके जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 290 रन पर सिमट गई थी। भारत को 213 रन की विशाल बढ़त मिली और श्रीलंका को फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा।

सूरियाबंदारा और कामिंदु मेंडिस ने संभाली पारी

श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 63 रन तक अपने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पसिंदु सूरियाबंदारा और कामिंदु मेंडिस ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की शानदार साझेदारी की। करीब 110 मिनट तक चली इस साझेदारी ने श्रीलंका को मैच में वापसी का मौका दिया। दोनों ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की। कामिंदु मेंडिस ने मानव सुथार के खिलाफ दो छक्के लगाए, जबकि सूरियाबंदर ने भी सुथार की गेंद पर स्लॉग स्वीप करते हुए छक्का जड़ा। मेंडिस ने 87 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद सूरियाबंदर ने 78 गेंदों में पचासा पूरा किया।

प्रसिद्ध कृष्णा ने तोड़ी साझेदारी

भारत को इस महत्वपूर्ण साझेदारी को तोड़ने में प्रसिद्ध कृष्णा ने सफलता दिलाई। उन्होंने शॉर्ट पिच गेंद से मेंडिस को परेशान किया और बल्लेबाज ने गेंद को खेलने की कोशिश में शुबमन गिल को कैच थमा दिया। कामिंदु मेंडिस ने 55 रन बनाए, जबकि सूरियाबंदारा अपने शतक की ओर तेजी से बढ़ रहे थे। चायकाल तक श्रीलंका का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था और उसे पारी की हार से बचने के लिए सिर्फ 14 रन की जरूरत थी।

आखिरी सेशन में भारत ने झटके तीन विकेट

चायकाल के बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और श्रीलंका के तीन विकेट जल्दी निकाल दिए। कप्तान धनंजय डी सिल्वा मानव सुथार की गेंद पर इनसाइड एज लगाकर देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच आउट हुए। इसके बाद सूरियाबंदारा ने अपना पहला टेस्ट शतक पूरा करने का मौका गंवा दिया। वह सुथार की गेंद पर आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन सुथार ने गेंद को बल्लेबाज से दूर कर दिया। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने गिल्लियां बिखेरने में कोई गलती नहीं की। सूरियाबंदारा 92 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सरांश जैन ने नीरोजन डिकवेला को एलबीडब्ल्यू आउट कर श्रीलंका को छठा झटका दिया। इस समय श्रीलंका का स्कोर 218 रन था।

### बारिश ने भारत की जीत का इंतजार बढ़ाया

भारत के पास श्रीलंका की पारी खत्म करने के लिए करीब एक घंटे का समय था, लेकिन शाम 4:37 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद खराब मौसम के कारण आगे का खेल नहीं हो सका। स्टंप्स तक श्रीलंका ने 72.4 ओवर में छह विकेट पर 229 रन बना लिए हैं। अब वह भारत से 16 रन आगे है। भारत को टेस्ट और सीरीज अपने नाम करने के लिए श्रीलंका के बचे हुए चार विकेट लेने होंगे।

### दिनूषा ने जड़ा शानदार शतक

दिन की शुरूआत श्रीलंका के लिए अच्छी रही। पहली पारी में 103 रन बनाने वाले सोनल दिनूषा ने दूसरी पारी में भी शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। वह बुधवार को 85 रन से आगे खेलने उतरे और जल्द ही अपना शतक पूरा कर लिया। दिनूषा ने सरांश जैन की गेंद पर छक्का और चौका लगाकर 90 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर शानदार पुल शॉट खेलकर उन्होंने अपना शतक पूरा किया। यह इस सीरीज में उनका दूसरा शतक है। हालांकि, दिनूषा की इस पारी के बावजूद श्रीलंका को फॉलोऑन से नहीं बचाया जा सका।

### सिराज को लगी चोट, फिर मैदान पर लौटे

दिन के दौरान भारत को उस समय चिंता हुई जब तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कैच पकड़ने की कोशिश में चोटिल हो गए। उन्हें मेडिकल जांच के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा, लेकिन कुछ समय बाद वह वापस लौट आए। दूसरे सेशन में सिराज ने छोटे रन-अप के साथ गेंदबाजी की। विकेटकीपर ऋषभ पंत भी तीसरे दिन विकेटकीपिंग नहीं करने के बाद इस मुकाबले में फिर से विकेट के पीछे नजर आए।

### जीसीटी ग्रैंड फिनाले: प्रज्ञानंद की खराब शुरूआत, फाइनल में कारुआना ने जीता पहला क्लासिकल गेम

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद को ग्रैंड चेस टूर (जीसीटी) के ग्रैंड फिनाले के पहले क्लासिकल मुकाबले में अमेरिका के शीर्ष खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के हाथों हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानंद को 48 चालों तक चले मुकाबले में कोई खास मौका नहीं मिला और कारुआना ने शानदार रणनीति के साथ बाजी अपने नाम कर ली।

कारुआना ने जटिल इटालियन ओपनिंग से शुरूआत करते हुए धीरे-धीरे प्रज्ञानंद पर दबाव बनाया। भारतीय खिलाड़ी पूरे मुकाबले में अपनी लय में नजर नहीं आए और कारुआना ने छोटे-छोटे फायदों को बढ़ाते हुए स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। एंडगेम में कारुआना की स्थिति काफी मजबूत हो गई। प्रज्ञानंद का राजा बचाव से दूर था, जिसका अमेरिकी खिलाड़ी ने पूरा फायदा उठाया। इसके बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और अंततः उन्हें हार स्वीकार करनी पड़ी।

**कारुआना को मिली बड़ी बढ़त**

ग्रैंड फिनाले में क्लासिकल गेम की जीत के लिए छह अंक दिए जा रहे हैं। ऐसे में पहले ही मुकाबले में जीत दर्ज करके कारुआना ने प्रज्ञानंद के खिलाफ महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। दुनिया के मौजूदा नंबर तीन खिलाड़ी कारुआना के सामने अब प्रज्ञानंद की चुनौती यह होगी कि वह अगले क्लासिकल मुकाबले में वापसी करें और अंतर कम करें।

यूएस ओपन 2026

## फिर एक साथ कोर्ट पर उतरेंगी सेरेना और वीनस विलियम्स



एजेंसी, न्यूयॉर्क।

टेनिस की दिग्गज बहनें सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स एक बार फिर कोर्ट पर साथ नजर आएंगी। दोनों बहनें इस साल के यूएस ओपन में महिला युगल मुकाबले में एक साथ उतरेंगी। टूर्नामेंट आयोजकों ने बुधवार को दोनों को वाइल्ड कार्ड देकर डबल्स ड्रॉ में जगह दी।

**दो बार महिला युगल का खिताब जीत चुकी जोड़ी**


सेरेना और वीनस की जोड़ी ने इससे पहले यूएस ओपन में दो बार महिला युगल का खिताब जीता है। दोनों ने 1999 और 2009 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। यूएस ओपन में दोनों बहनों का युगल रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। उन्होंने नौ बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और 27 मुकाबले जीते, जबकि सिर्फ सात में हार मिली।

**सेरेना ने अल्काराज के साथ मिश्रित युगल में लिया हिस्सा**


सेरेना ने मंगलवार को यूएस ओपन में कार्लोस अल्काराज के साथ मिश्रित युगल में भी हिस्सा लिया। इस जोड़ी ने एक मुकाबला जीता, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। वहीं, 46 वर्षीय वीनस विलियम्स यूएस ओपन के महिला एकल वर्ग में भी हिस्सा लेंगी। ऐसे में इस बार टूर्नामेंट में दोनों बहनों पर खास नजर रहेगी। सेरेना और वीनस की जोड़ी की यूएस ओपन में वापसी प्रशंसकों के लिए भी खास मौका है। दोनों बहनें अपने शानदार करियर में कई ऐतिहासिक मुकाबले खेल चुकी हैं और अब एक बार फिर प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम में साथ खिताब की दौड़ में उतरेंगी।

**चार साल बाद टेनिस में लौटीं सेरेना**

44 वर्षीय सेरेना विलियम्स ने इस साल चार साल के लंबे अंतराल के बाद टेनिस में वापसी की है। वह और वीनस विंबलडन में भी साथ महिला युगल खेलने वाली थीं, लेकिन एकल मुकाबले में घुटने में चोट लगने के बाद सेरेना को टूर्नामेंट से हटना पड़ा। इसके बाद दोनों बहनों ने सिनसिनाटी ओपन में भी जोड़ी बनाई। हालांकि, उन्हें पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा।



# मनोरंजन



## दिशा ने 'आवारापन 2' की सक्सेस पार्टी में 'शीला की जवानी' गाने पर किया जबरदस्त डांस

दिशा पाटनी अपनी नई फिल्म 'अवारापन 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म की सक्सेस पार्टी के वीडियो ने दिशा पाटनी को चर्चा में ला दिया है। 34 साल की दिशा पार्टी में 'शीला की जवानी' गाने पर डांस करती दिखीं। यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

**वायरल वीडियो में क्या है?**

'आवारापन 2' की सक्सेस पार्टी में दिशा 'शीला की जवानी' गाने पर डांस करती दिख रही हैं।



यह गाना 'तीस मार खान' (2010) में एक्ट्रेस कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया था। आज भी उनके सबसे यादगार डांस नंबरों में गिना जाता है। जब वह इस गाने पर डांस कर रही थीं, तो आस-पास मौजूद लोग उन्हें चीयर कर रहे थे। इस इवेंट के लिए दिशा ने हॉल्टर-नेक ड्रेस पहनी थी, जिसमें प्लंजिंग नेकलाइन और थाई-हाई स्लिट थी। उन्होंने इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स पहने, मिनिमल मेकअप किया और बालों का जूड़ा बनाया था।

**फिल्म को हुई कई गुना ज्यादा फायदा**

करीब 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'आवारापन 2' ने 200 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा कमाया है। पहले हफ्ते के बाद भी इसकी रफ्तार बनी हुई है। बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी के अलावा, सक्सेस पार्टी में दिशा के डांस परफॉर्मेंस ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

**'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर कमाई**


'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर इस साल की सबसे बड़ी सक्सेस स्टोरीज में से एक बनकर उभरी है। आजादी के दिन के वीकेंड से पहले इस फिल्म का मुकाबला 'बंटवारा 1947' से हुआ और इसने पहले दिन 22 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके बाद दूसरे दिन इसमें उछाल आया और इसने 33.75 करोड़ रुपये कमाए।

**'आवारापन 2' कुल कलेक्शन**

पहले हफ्ते के आखिर तक, इस सीक्वल ने भारत में 113.50 करोड़ रुपये (नेट) कमाए, जबकि दुनिया भर में इसकी कुल कमाई 161.67 करोड़ रुपये रही। फिल्म ने दूसरे वीकेंड में भी अपनी रफ्तार बनाए रखी। दूसरे मंगलवार को टिकट की कम कीमतों के बावजूद फिल्म ने 4 करोड़ रुपये कमाए और भारत में कुल नेट कलेक्शन लगभग 143 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

**दुनियाभर में 'आवारापन 2' की कमाई**

फिल्म ने अब दुनिया भर में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब तक कुल 201.45 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें से 170.15 करोड़ रुपये भारत में ग्रॉस कलेक्शन से आए हैं, जबकि विदेशी बाजारों से 31.30 करोड़ रुपये मिले हैं।



## 3 साल बाद भी नुसरत भरुचा के सबसे दमदार महिला-केंद्रित प्रदर्शनों में शुमार है अकेली

रिलीज के तीन साल बाद भी 'अकेली' हाल के वर्षों की सबसे प्रभावशाली महिला-केंद्रित फिल्मों में गिनी जाती है। यह फिल्म न केवल अपनी दमदार कहानी के लिए याद की जाती है, बल्कि नुसरत भरुचा के करियर के सबसे मजबूत और चुनौतीपूर्ण प्रदर्शनों में से एक के रूप में भी पहचान रखती है। ऐसे समय में जब महिला-प्रधान फिल्मों को मुख्यधारा सिनेमा में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, 'अकेली' ने साबित किया कि एक सशक्त महिला किरदार के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी भी दर्शकों को गहराई से जोड़ सकती है। इस फिल्म में नुसरत ने ज्योति का किरदार निभाया था, जो एक भारतीय युवती है और खुद को एक खतरनाक संघर्ष क्षेत्र में फंसा हुआ पाती है। पूरी कहानी लगभग उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म का भार पूरी मजबूती के साथ संभाला। ज्योति के डर, संघर्ष, उम्मीद और जिजीविषा को नुसरत ने बेहद संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ पर्दे पर उतारा। यह भूमिका भावनात्मक और शारीरिक दोनों स्तरों पर काफी चुनौतीपूर्ण थी, जिसे उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया। 'अकेली' की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि इसमें एक महिला की कहानी को बिना किसी पारंपरिक व्यावसायिक फॉमूर्ले के प्रस्तुत किया गया।

ज्योति न तो कोई सुपरहीरो थी और न ही केवल एक असहाय पीड़िता। वह एक आम महिला थी, जो असाधारण परिस्थितियों का सामना कर रही थी। यही बात उसके सफर को और अधिक वास्तविक, प्रेरणादायक और दर्शकों के करीब बनाती है। इस फिल्म ने नुसरत भरुचा की उस पहचान को भी मजबूत किया कि वह जोखिम लेने और महिला-केंद्रित कहानियों का नेतृत्व करने से नहीं डरतीं।


'छोरी' और 'जनहित में जारी' जैसी फिल्मों के बाद 'अकेली' ने एक बार फिर साबित किया कि वह ऐसी कहानियों को मजबूती से आगे बढ़ा सकती हैं, जिनमें महिलाएं केंद्र में हों और जो महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों को सामने लाती हों। फिलहाल तीन साल बाद भी 'अकेली' एक सफल महिला-प्रधान फिल्म का बेहतरीन उदाहरण बनी हुई है। ज्योति की कहानी आज भी दर्शकों के दिलों को छूती है और नुसरत भरुचा का यह प्रदर्शन उनके करियर की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक माना जाता है।

## अपने ही शहर में टूरिस्ट बनीं श्रद्धा



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी सादगी और चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी छोटी-छोटी झलकियां साझा करती रहती हैं। कभी वह अपने परिवार के साथ बिताए पलों की तस्वीरें दिखाती हैं, तो कभी अपने सफर और पसंदीदा चीजों से फैंस को रूबरू कराती हैं। अब श्रद्धा ने अपने ही शहर मुंबई को एक टूरिस्ट की नजर से देखने की कोशिश की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें वह मुंबई की गलियों में घूमती और शहर के अलग-अलग रंगों को महसूस करती नजर आ रही हैं। श्रद्धा कपूर की ओर से इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। पोस्ट में एक तस्वीर उनकी गाड़ी के अंदर की है, जिसमें वह सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह एक रेस्टोरेंट में बैठी हुई भी दिखाई दे रही हैं। एक अन्य तस्वीर में खाने से सजी पूरी टेबल नजर आ रही है, जिसमें टेस्टी खानों से भरी थालियां रखी हुई हैं।

इसके साथ ही उन्होंने गाड़ी से बनाए गए दो वीडियो भी साझा किए। पहले वीडियो में मुंबई का हाईवे दिखाई देता है। सामने चौड़ी सड़क और उसके दोनों ओर ऊंची-ऊंची इमारतें नजर आ रही हैं।



दूसरे वीडियो में सड़क किनारे लगा हुआ कपड़ों का बाजार दिखाई देता है। इस बाजार में काफी भीड़ नजर आ रही है और लोग दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ श्रद्धा ने लिखा, "खुद की सिटी में टूरिस्ट बने हो कभी?"

श्रद्धा कपूर के फिल्मी सफर की बात करें तो उन्होंने साल 2010 में फिल्म 'तीन पत्ती' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हालांकि उन्हें असली पहचान साल 2013 में आई फिल्म 'आशिकी 2' से मिली। इस फिल्म में उन्होंने आरोही का किरदार निभाया था और उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके बाद वह 'एक विलेन' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख थे। उन्होंने 'हैदर', 'एबीसीडी 2', 'बागी', 'रॉक ऑन 2', 'ओके जानू', 'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'स्त्री' जैसी फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। 'स्त्री' में उनका रहस्यमयी किरदार दर्शकों को काफी पसंद आया। इसके बाद वह 'साहो', 'छिछोरे', 'बागी 3' और 'तू झूठी मैं मक्कार' जैसी फिल्मों का हिस्सा बनीं। वहीं 'स्त्री 2' की सफलता ने भी श्रद्धा कपूर की लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी।

## कुछ यादें कभी साथ नहीं छोड़तीं: कश्मीर स्थित पुश्तैनी घर लौटकर संदीपा धर को मिले परिवार के अनमोल खजाने

कुछ यादें ऐसी होती हैं जिन्हें हम ढूंढने नहीं जाते, बल्कि वे सही समय आने पर खुद हमारे सामने आ जाती हैं। अभिनेत्री संदीपा धर के लिए कश्मीर की हालिया यात्रा कुछ ऐसी ही भावनाओं से भरी रही, जहां उन्हें अपने परिवार के इतिहास, भूली-बिसरी यादों और वादी की अनमोल खूबसूरती से फिर से जुड़ने का मौका मिला। सोशल मीडिया पर अपनी इस यात्रा की झलकियां साझा करते हुए संदीपा ने लिखा है, कुछ यादें ऐसी होती हैं जिन्हें आप खोजने नहीं जाते, वे बस आपका इंतजार करती रहती हैं। हाल ही में संदीपा अपने कश्मीर स्थित पुश्तैनी घर पहुंचीं, जो पलायन के बाद से लगभग उसी अवस्था में खड़ा है। न बिजली, न पानी और न ही घर के भीतर बहुत कुछ बचा है, लेकिन इसकी दीवारें आज भी बीते दशकों की कहानियों की गवाह हैं।

इस दौरान उन्हें एक बेहद खूबसूरती से नक्काशीदार लकड़ी की अलमारी मिली, जो लगभग 80 से 90 साल पुरानी बताई जा रही है और आज भी लगभग सुरक्षित है। इस खोज को याद करते हुए उन्होंने लिखा, ऐसा लगा जैसे हमारे अतीत का एक छोटा-सा हिस्सा अब भी हमारा इंतजार कर रहा है। यह पल उनके लिए उन यादों और कहानियों का प्रतीक बन गया जो समय के साथ भी कहीं खोई नहीं है। फिलहाल अपनी कश्मीर यात्रा के दौरान उन्हें कुछ और अनमोल निशानियां भी मिलीं, जिसमें एक पुराने कपबोर्ड में उन्हें 30 से 40 साल पुराने एयर इंडिया के बोर्डिंग पास और बैगेज टैग भी मिले। संदीपा ने इन्हें कागज के छोटे-छोटे टुकड़े, जो उस समय शायद महत्वहीन थे, लेकिन किसी तरह हर मुश्किल के बावजूद सुरक्षित रह गए, बताया है।

इसके अलावा उन्हें अपने चाचा के कुछ बेहतरीन सिलवाए हुए सूट भी मिले, जिनमें से कुछ यूनाइटेड किंगडम में तैयार किए गए थे। फिलहाल ये सभी चीजें परिवार के इतिहास की झलकियां अपने भीतर समेटे हुए थीं।

यादों के इस सफर के साथ-साथ कश्मीर की खूबसूरती ने भी संदीपा का दिल जीत लिया। शालीमार बाग के खिले हुए फूल, रंग-बिरंगे गेंदे, नगीन झील की शांति और परी महल से दिखने वाले मनमोहक नजारे उनकी यात्रा के खास पड़ाव बने।

अपने पसंदीदा स्थानों में से एक नगीन झील के बारे में उन्होंने लिखा है, हर कोई डल झील की बात करता है, लेकिन नगीन झील हमेशा मेरे दिल के सबसे करीब रहेगी। शंकराचार्य मंदिर की उनकी यात्रा ने इस सफर में आध्यात्मिक शांति और आत्ममंथन का एहसास भी जोड़ा।

अपनी तस्वीरों और शब्दों के जरिए संदीपा धर ने यह खूबसूरत संदेश दिया कि कुछ जगहें हमेशा घर जैसी लगती हैं और कुछ यादें कभी हमारा साथ नहीं छोड़तीं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो संदीपा धर जल्द ही नेटफ्लिक्स की आगामी सीरीज चुंबक में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में उनके साथ दिग्गज कलाकार नीना गुप्ता और सुमीत राघवन भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्मों और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपने विविध किरदारों से पहचान बना रहीं संदीपा के लिए चुंबक उनके सबसे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट्स में से एक है।